रोहतक
बुधवार, 4 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 124
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.8
न्यून. 20.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



03 सिंधू और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में, सेन और प्रणय इंडोनेशिया ओपन से बाहर

haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### चार आईपीएस अफसरों के तबादले व पोस्टिंग

**चंडीगढ़।** सरकार ने प्रदेश के चार आईपीएस अफसरों के तबादलों के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आईपीएस अमिताभ ढिल्लों को एडीजीपी प्रशासन पुलिस हेडक्वार्टर पंचकूला एडिशनल चार्ज दिया है। वहीं, आईपीएस संजय कुमार को एडीजीपी कानून व्यवस्था हरियाणा पंचकूला लगाया है। इसके साथ आईपीएस सृष्टि गुप्ता को डीसीपी पंचकूला के पद पर तैनात किया है। वहीं, आईपीएस अमरिंदर सिंह को एडिशनल एसपी यमुनानगर बनाया है।

### 30 तक एलईडी लाइट्स से चमकेगा पंचकूला

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला की विद्युत, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरा समिति की बैठक महापौर कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में संयुक्त आयुक्त गौरव चौहान एवं पार्षद उपस्थित रहे। पंचकूला में एक्सईएन प्रमोद कुमार ने बताया कि पूरे शहर में पुरानी लाइटों को बदलकर 16832 एलईडी लगाने का काम जारी है, अब तक 13300 एलईडी लाइट्स लग चुकी हैं। महापौर ने बाकी लाइट्स 30 जुलाई तक लाइट्स लगाने का निर्देश दिया। एक्सईएन ने बताया कि सीसीएमएस पैनल का काम भी जारी है। डार्क स्पोर्ट पर भी लाइट्स लगाई जाएंगे। 260 पैनल लगाए जाने हैं।

### प्रशासनिक सचिवों के समक्ष लिंक अधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति के चलते या किसी अन्य कारण से प्रशासनिक सचिवों की अनुपस्थिति में सम्बन्धित विभागों के कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।

### मुख्यमंत्री से मिले पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर आवास पर हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रामबिलास शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अटेली विधानसभा क्षेत्र से सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। भेंट के दौरान रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री की जनहितैषी नीतियों की सराहना की तथा अटेली क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित अपने सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं, और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है।

**जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना लक्ष्य, मुख्यमंत्री ने तत्काल कदम उठाने के दिए निर्देश**

# रेशनलाइजेशन कमीशन ने मुख्यमंत्री को सौंपी 18 रिपोर्ट

■ 21 विभागों में मौजूदा 104980 पदों के मुकाबले 105832 पदों के सृजन की संस्तुति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी को यहां आयोजित एक बैठक के दौरान रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा के अध्यक्ष राजन गुप्ता, आईएएस द्वारा 18 रिपोर्टों का पहला सेट प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों के पुनर्गठन की सिफारिश करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इन निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को स्वीकार करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को कमीशन की रिपोर्टों के कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पांच विभागों को पायलट आधार पर लिया जाना चाहिए। इन विभागों में हरियाणा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई, खान एवं भूविज्ञान, बागवानी और शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं। वहीं आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में 16 विभाग-विशिष्ट रिपोर्ट और दो सामान्य रिपोर्ट शामिल हैं। 16 रिपोर्ट में सभी इंजीनियरिंग विभागों के साथ-साथ परिवहन, शहरी स्थानीय निकाय, कृषि, उच्च शिक्षा और अन्य शामिल हैं। राजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि 5 रिपोर्टों का एक और सेट लगभग पूरा हो चुका है और कुछ दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा। अन्य 23 विभागों के संबंध में कवायद अंतिम चरण में है। रेशनलाइजेशन कमीशन के अध्यक्ष राजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आयोग की रिपोर्ट का उद्देश्य उन विभागों के निम्नतम स्तर को पूर्ण रूप से सशक्त बनाकर विभागीय दक्षता में सुधार करना है, जो मुख्य रूप से जनता से संवाद करते हैं, ताकि वे अधिक उत्तरदायी और जवाबदेह बन सकें।

कमीशन ने निम्नतम स्तर के कार्यालयों से लेकर विभाग प्रमुख के कार्यालय तक सभी विभागों का पुनर्गठन किया है।

■ समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए पांच विभागों को पायलट आधार पर लिया जाएगा



### अनावश्यक संस्थानों को बंद करने का सुझाव

आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 88 नगर निगमों, परिषदों और समितियों के साथ-साथ 179 सरकारी कॉलेजों में से प्रत्येक के लिए संशोधित संरचना की संस्तुति की। इसमें मौजूदा सिंचाई विभाग को दो अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करके बाढ़ नियंत्रण के लिए एक स्वतंत्र जल निकासी और भूजल पुनर्भरण विभाग के निर्माण का भी प्रस्ताव किया गया। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में कई विभागों में नए संस्थानों की स्थापना और अनावश्यक संस्थानों को बंद करने का सुझाव दिया गया। दो या तीन विभागों को छोड़कर, लगभग सभी अन्य विभागों में पदों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। राज्य सरकार के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कमीशन ने उक्त 21 विभागों में मौजूदा 104980 पदों के मुकाबले 105832 पदों के सृजन की संस्तुति की है।

**सीएम के निर्देश**

### डीएससी, ओएससी, बीसी और ईडब्ल्यूएस के समय पर बने सर्टिफिकेट

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर पात्रता प्रमाण पत्र मिले। उन्होंने कहा कि डीएससी, ओएससी, बीसी और ईडब्ल्यूएस जैसे प्रमाण पत्र समय पर प्राप्त हो इसके लिए निर्देश पहले से दें रखे हैं। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि किसी भी योग्य व्यक्ति को प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अब तक के आंकड़े के बारे में विभाग द्वारा बताया गया है कि 28 मई से 3 अप्रैल तक प्रदेश में कुल 117778 प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं, जबकि विभाग को लगभग 28,830 डुप्लीकेट आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएससी यानि कॉमन सर्विस सेंटर स्तर पर ही ऐसे डुप्लीकेट आवेदनों की सक्रिय निगरानी और छँटनी की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिला सूचना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया जाए ताकि प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के आदेश दिए कि आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति और प्रमाण पत्र से जुड़ी सभी जानकारी समय-समय पर सीएससी के माध्यम से मिलती रहे, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## एससी कर्मचारियों के लिए आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन

**चंडीगढ़।** सरकार ने हरियाणा सिविल सचिवालय के अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए आईएएस अधिकारी विजयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन किया है। यह कमेटी अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को रोजगार या सेवा तथा सुरक्षा प्रदान करने सम्बन्धी शिकायतों की सुनवाई करेगी। इस कमेटी का गठन राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग की सिफारिश के अनुसरण में किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आईएएस अधिकारी विजय सिंह दहिया, सुशील सारवान, प्रदीप दहिया और एचसीएस अधिकारी वर्षा खंगवाल इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी सेवा मामलों में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों की शिकायतों की जांच करेगी। इनमें आरक्षण रोस्टर का रखरखाव न करना और आरक्षित रिक्तियों को न भरना, पदोन्नति व अन्य मामलों को देखेगी।

■ आईएएस विजयेन्द्र कुमार अध्यक्ष , विजय सिंह दहिया, सुशील सारवान, प्रदीप दहिया व एचसीएस अधिकारी वर्षा खंगवाल कमेटी के सदस्य होंगी

**हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक पर साइकिल, स्कूटर और कार पार्किंग की आम सार्वजनिक नीलामी दिनांक 06.06.2025 को बस स्टैन्ड रोहतक परिसर मे खुली बोली के माध्यम से होनी निश्चित हुई है साइकिल, स्कूटर ओर कार पार्किंग का विवरण व पॉलिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक से प्राप्त किए जा सकते हैं।

पीआरडीएच 1119/11/674/2026/35332/88/6 दि. 03.06.2025

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा**
(हरियाणा विधायिका के अधिनियम 31 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित और यूजीसी एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) और 12बी के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय)
बी++ एनएएसी प्रमाणित

**प्रवेश सूचना (2025-2026)**

सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 04.06.2025 से प्रारम्भ होगा और ऑनलाइन आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि 23.06.2025 है। अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.bpsmv.ac.in पर पधारें।

संवाद-1239/11/83/2026/35295/सी/88/6 दि. 03.06.25 रजिस्ट्रार

### राहुल जिला स्तर का संगठन बनाने आ रहे हैं, इससे हैरानी वाली कोई बात नहीं



**चंडीगढ़।** मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी की कार्यप्रणाली पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी जिला स्तरीय संगठन बनाने के लिए आ रहे हैं इससे ज्यादा हैरानी की बात क्या हो सकती है तथाकथित राष्ट्रीय नेता किसी प्रदेश व जिले की इकाईयां बनाने के लिए स्वयं आ रहे हैं। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि देश में लगभग 750 जिले हैं और संगठन बनाने के लिए हर जिले में राहुल गांधी को जाना पड़ेगा तो कांग्रेस नेता संगठन कैसे चलाएंगे।

### विधायकों से दुर्व्यवहार की स्पीकर से शिकायत

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेताओं ने अपनी पार्टी के विधायकों के दुर्व्यवहार की शिकायत स्पीकर से की है। उन्होंने कहा कि विधायक अशोक अरोड़ा के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ है वह संवैधानिक अधिकारों को दबाने का काम है। जिन लोगों ने विधायक के काम में दिक्कतें पैदा करने की कोशिश की उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हमने दोषी लोगों और कर्मचारियों के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन की शिकायत दी है। स्पीकर महोदय ने शिकायत का अध्ययन करवा कर नियमानुसार कार्रवाई के का आश्वासन दिया है। इस मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष से विधायक रामकरण काला और विधायक चंद्रप्रकाश के साथ हुए दुर्व्यवहार की भी जानकारी दी है। विधायकों की गरिमा बनाने की जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष की होती है।

### कर्मचारियों में डिजिटल क्षमता बढ़ाने के लिए लॉन्च किया ई-लर्निंग पोर्टल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अत्याधुनिक ई-लर्निंग पोर्टल लॉन्च किया है। यह पहल ई-ऑफिस के उपयोग और अन्य डिजिटल मॉड्यूल पर संरचित, सुलभ और विभाग-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करेगी। सभी प्रशासनिक सचिवों को लिखे पत्र में, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा है कि हर विभाग और संगठन को पोर्टल एक्सेस और कर्मचारी पंजीकरण के प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा।

# राहुल के दौरे से पहले पार्टी दिग्गजों का चंडीगढ़ में डेरा

■ पार्टी नेताओं की दो बैठकें लेंगे राहुल गांधी ■ पूर्व सीएम हुड्डा व अन्य नेता पहुंचे ■ पुलिस ने कार्यक्रम स्थल अपने नियंत्रण में लिया

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस में जान फूंकने के लिए बुधवार को चंडीगढ़ आ रहे हैं। इस क्रम में हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान सिंह, जितेंद्र भारद्वाज सहित दिग्गज नेताओं ने चंडीगढ़ में डेरा डाल दिया है। प्रदेश के सूचीबद्ध नेता ही राहुल गांधी के कार्यक्रम में शरीक हो सकेंगे। राहुल सीधे दिल्ली से आकर दो बैठक लेंगे और उसके बाद सीधे दिल्ली के लिए वापसी करेंगे, कड़ी सुरक्षा के पहरे के बीच कांग्रेस का चंडीगढ़ स्थित आफिस एक दिन पहले सुरक्षा कर्मियों ने अपने कंट्रोल में ले लिया है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी का बुधवार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस हरियाणा ऑफिस में दोपहर बारह बजे लगभग आगमन होगा। सेक्टर 9 स्थित कांग्रेस दफ्तर के आसपास चप्पे चप्पे पर सुरक्षा का पहरा लगा दिया गया है। मंगलवार को पूरे दिन केंद्रीय सुरक्षा बल, चंडीगढ़ और पंजाब पुलिस आसपास पूरी तरह से सक्रिय रही। इसके अलावा दिल्ली से आए विशेष सुरक्षाकर्मियों ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ऑफिस के पूरे भवन को चेक किया साथ ही दिशा निर्देश जारी किए। राहुल गांधी के आगमन को लेकर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ में डेरा डाल दिया है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी के साथ अन्य नेता मौजूद रहे।

■ दिल्ली से आई सुरक्षा टीम ने ऑफिस का कोना-कोना खंगाला

### दोपहर 12 बजे चंडीगढ़ पहुंचेंगे राहुल



बुधवार को राहुल गांधी बारह बजे प्रदेश कांग्रेस ऑफिस चंडीगढ़ सेक्टर 9 आएंगे और बाद में वह पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पहली बैठक लगभग एक घंटे चलेगी। इसके बाद में दूसरी बैठक का समय रखा है। पार्टी के वरिष्ठ सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी केवल उन सूचीबद्ध नेताओं से मिलेंगे, जिनके नाम प्रदेश कार्यकारिणी और जिला पर्यवेक्षकों के साथ-साथ विभिन्न जिम्मेदारियां के लिए सूचीबद्ध किए हैं। अर्थात हरियाणा आने पर कांग्रेस के लगभग 37 विधायकों से भी मुलाकात नहीं हो सकेगी। हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान सिंह के साथ-साथ अन्य कई नेता राहुल के आने को लेकर तैयारी की समीक्षा और उन्हें अंतिम रूप देने में लगे थे। कांग्रेस को मजबूत करने और गुटबाजी को समाप्त करने के लिए राहुल गांधी ने खुद कमान हाथ में ली है अब देखना यह है कि बुधवार को राहुल बाबा कांग्रेस के सभी नेताओं को एक मंच पर ला पाते हैं या नहीं वह कांग्रेस के नेताओं को एकजुट का पाठ पढ़ने के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के सभी 22 जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और पार्टी को मजबूत करने का मंत्र देंगे। राहुल गांधी दो चरणों में होने वाली बैठकों के दौरान लगभग 115 नेताओं को संबोधित करेंगे। उनकी फीडबैक लेंगे, जिसके आधार पर संगठन का खाका खींचा जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भूरा राम पुत्र** राम चंदर, **निवासीः** वीपीओ थेरी गुरुद्वारा के पास, तहसील एवं जिला-फतेहाबाद -125050, ने **CT No. 450/2020, U/S 420 IPC, पुलिस स्टेशन के०एन० काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भूरा राम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भूरा राम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT No. 450/2020, U/S 420 IPC, पुलिस स्टेशन के०एन० काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **भूरा राम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,
उत्तर जिला, कमरा नं0-213,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/6950/RD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला,** पुत्रः सुरेन्द्र निवास **गांव मारौत, जिला झज्जर, हरियाणा** ने case **FIR No. 119/2019 U/s 395/397/506/412/120B/34 IPC, थाना मुण्डका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 119/2019 U/s 395/397/506/412/120B/34 IPC, थाना मुण्डका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सौम्या चौहान
अतिरिक्त सत्र न्यायाधिश-02 (त्वरित न्यायालय)
कमरा नं. 324, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6875/OD/2025(Court Matter)

# लाडवा की बहलोलपुर आईटीआई अब होगी महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर

■ मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमओयू ■ नवीन जिंदल फाउंडेशन करेगी संचालन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में यहां महात्मा ज्योतिबा फुले आईटीआई, बहलोलपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर की स्थापना के लिए नवीन जिंदल फाउंडेशन और कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। अब यह आईटीआई महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर के रूप में विकसित होगी जिसका संचालन नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा किया जायेगा। सांसद नवीन जिंदल और हिसार से विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सांसद नवीन जिंदल की उपलब्धियों पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।

### विकसित भारत के विजन में कुरुक्षेत्र की विशेष भूमिका



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन में कुरुक्षेत्र की विशेष भूमिका होगी। उन्हें पूरा विश्वास है कि सांसद नवीन जिंदल उनके साथ मिलकर सबसे पहले इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और 2030 तक कुरुक्षेत्र कैथल की गिनती देश के अग्रणी क्षेत्रों में होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन जिंदल ने जो वादे लोगों से किए थे, उन्हें वे एक-एक करके पूरा कर रहे हैं।सांसद नवीन जिंदल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि उनका विजन है कि युवा सही तरीके से विदेश में जाकर अपना रोजगार प्राप्त करें। उन्हें वहां मजदूरी न करनी पड़े। इसके लिए युवाओं को स्किल का बेहतर प्रशिक्षण दिया जायेगा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 से ही निरंतर स्किल आधारित शिक्षा पर बल दिया है। उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए कुरुक्षेत्र में इन कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

## कुरुक्षेत्र, अंबाला व कैथल की स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा, राव बोलीं, नया रोडमैप तैयार करेंगे



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार यहां कुरुक्षेत्र, अंबाला और कैथल जिलों के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन किया और सुधार के लिए रोडमैप तैयार किया गया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने तीनों जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रिक्त पदों, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और कार्यक्षमता, बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण को प्रभावित करने वाले विषयों पर चर्चा की गई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जाखल मण्डी | एम.सी. जाखल मण्डी में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रत्येक संस्थान से घर-घर से संग्रहण नगरीय ठोस कचरे एमएसडब्ल्यू का पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों, एमसी जाखल मण्डी स्थानांतरण प्रसंस्करण स्थानों तक परिवहन और प्रसंस्करण। | 28.05.2025 19.06.2025 | 863 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7888984485 mcjakhalmandi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35304/I/88/6 दि. 03.06.25

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर हेतु अंग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) *(विज्ञा. सं. 22/2024)* के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह है कि 17.11.2024 (प्रातःकालीन सत्र) को आयोजित किये गये स्क्रीनिंग टेस्ट को निरस्त कर दिया गया है। स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथासमय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 03.06.2025 हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

### खनन मामलों की पैरवी कर जल्द निपटाया जाए

**चंडीगढ़।** खनन एवं भू-गर्भ विभाग महानिदेशक केएम पांडुरंग ने कहा कि खनन विभाग से संबंधित जितने भी मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं उन्हें जल्द से जल्द पैरवी कर निपटाया जाए। इन सभी मुकदमों की एक सूची तैयार करें और उन्हें इन पर समय-समय पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तैयार करें। पांडुरंग मंगलवार को हरियाणा भवन में बैठक ले रहे थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | सीएचसी मदीना में फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 02.06.2025 09.06.2025 | 27.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज पंचकूला | गोलपुरा : गांव गोलपुरा ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 02.06.2025 09.06.2025 | 51.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज गन्नौर | डी प्लान 2025-26 सामान्य संघटक के तहत गांव बली कुतबपुर, ब्लॉक गन्नौर में रमेश पुत्र श्री दलीप के मकान से श्रीराम के खेत तक रास्ता का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.06.2025 | 31.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुबड़ू में समक्षया तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी-प्लान 2025-26 + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.06.2025 | 24.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/100/35331/I/88/6 दि. 03.06.25

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय :- हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) (विज्ञा. सं. 52/2024)**

हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) (विज्ञा. सं. 52/2024) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह है कि 01.06.2025 (प्रातःकालीन सत्र) को आयोजित किये गये स्क्रीनिंग टेस्ट को निरस्त कर दिया गया है। स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथासमय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 03.06.2025 हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/328/2026/35338/88/6 दि. 03.06.25 पंचकूला

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**धन वर्षा**
**विजेता आरसीबी को 20 करोड़ और उप-विजेता पंजाब को 12.5 करोड़**

**18वां आईपीएल**

# 'विराट' इंतजार खत्म आरसीबी पहली बार चैंपियन

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना पहला टाइटल जीत लिया। टीम ने मंगलवार को खेले गए फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। यह कप्तान रजत पाटीदार की स्वर्णिम सफलता है। इसके साथ ही 18वें सीजन में आईपीएल को 8वां चैंपियन मिल गया। विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल की नाकामियों और निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए खिताब जीत लिया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर भावुक हो गए। उनके साथ ही 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गई। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। वहीं, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 191 रन का टारगेट चेज कर रही पंजाब किंग्स 184 रन ही बना सकी।



**कप्तान रजत को मिली स्वर्णिम सफलता**

बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रन से हराकर खिताब कब्जाया
18 साल बाद कप जीता, हर बड़ा खिताब कोहली के पास

### मैच का टर्निंग पॉइंट

-191 रन के चेज में पंजाब 9 ओवर में मजबूत स्थिति में था। 10वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने पंजाब के कप्तान श्रेयस को कॉट बिहाइंड करा दिया। वे 1 ही रन बना सके, उन्होंने पिछले मैच में 87 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। 13वें ओवर में फिर क्रुणाल ने जोश को कैच करा दिया। वे 4 छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पंजाब वापसी नहीं कर सका। (पैकेज खेल पेज पर)

### अब तक ये रहे विजेता

- आरसीबी 8वीं चैंपियन
- चेन्नई सुपर किंग्स (5 बार)
- मुंबई इंडियंस (5 बार)
- कोलकाता नाइट राइडर्स (3 बार)
- राजस्थान रॉयल्स (1 बार)
- डेक्कन चार्जर्स (1 बार)
- सनराइजर्स हैदराबाद (1 बार)
- गुजरात जायंट्स (1 बार)

**स्कोर बोर्ड : आरसीबी : 190/9, पंजाब : 184/7**


## बेंगलुरु की जीत के हीरो

**क्रुणाल पंड्या**
पावरप्ले के बाद बॉलिंग करने आए क्रुणाल ने पहले ओवर में 3 ही रन दिए। दूसरे ओवर में प्रभसिमरन को पवेलियन भेजा। फिर अपने स्पेल के आखिरी ओवर में जोश इंग्लिस का विकेट लिया। क्रुणाल ने 4 ओवर में महज 17 रन दिए।

**भुवनेश्वर कुमार**
नई गेंद से बॉलिंग करने आए भूवी ने शुरुआती 2 ओवर में महज 17 रन दिए। फिर पारी के 17वें ओवर में 3 गेंद के अंदर नेहल वाधेरा और मार्कस स्टोयनिस को पवेलियन भेज कर मैच बेंगलुरु की झोली में डाल दिया।

**जितेश शर्मा**
नंबर-6 पर बैटिंग करने उतरे जितेश ने 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 24 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 240 का रहा। उनकी पारी ने ही आरसीबी को 190 के चैलेंजिंग स्कोर तक पहुंचाया।

**विराट कोहली**
आरसीबी से ओपनिंग करने उतरे विराट के सामने फिल सॉल्ट दूसरे ही ओवर में आउट हो गए। यहां उन्होंने संभलकर पारी आगे बढ़ाई और ज्यादा विकेट नहीं गिरने दिए। कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन की धीमी, लेकिन उपयोगी पारी खेली। वे 15वें ओवर में आउट हुए, लेकिन टीम को कौलाप्स से बचा लिया।



जीत के बाद भावुक हुए कोहली। मैदान पर ही बैठ गए और पत्नी अनुष्का के गले लगकर रोए।

## खबर संक्षेप

### मोदी छह को कश्मीर रेल संपर्क का उद्घाटन करेंगे



**जम्मू।** पीएम नरेन्द्र मोदी 6 जून को कश्मीर रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मोदी पहली बार जम्मू-कश्मीर जाएंगे। मोदी छह जून को चिनाब रेल पुल को जनता को समर्पित करके अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। भाषा

### संसद का बनाया कानून अवमानना नहीं : कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कोई भी कानून न्यायालय की अवमानना नहीं होता। पीठ ने समाजशास्त्री व दिल्ली विवि की पूर्व प्रोफेसर नंदिनी सुंदर व अन्य की ओर से 2012 में दायर अवमानना याचिका का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में छत्तीसगढ़ सरकार पर सलवा जुडूम जैसे निगरानी समूहों का समर्थन रोकने तथा माओवादियों के खिलाफ लड़ाई में एसपीओ के नाम पर आदिवासियों को हथियार देने पर रोक लगाने संबंधी 2011 के न्यायालय के निर्देशों का पालन करने में विफल रहने का आरोप लगाया था। एजेंसी

### अब छोटे ग्रुप्स में भी कर सकेंगे वॉइस चैट

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप ने ग्रुप वॉइस चैट को लेकर बदलाव किया है। पहले यह सुविधा केवल बड़े ग्रुप्स तक सीमित थी, लेकिन अब यह छोटे ग्रुप्स के लिए भी है। अब आपके ग्रुप में सिर्फ 3-4 लोग भी हैं, तब भी आप वॉइस चैट शुरू कर सकते हैं। इस फीचर को व्हाट्सएप ने ऑडियो हैंगआउट कह रहा है। अब आप छोटे ग्रुप्स में भी बिना कॉल किए, आराम से एक ऑडियो बातचीत शुरू कर सकते हैं। भाषा

### मंगोलिया के प्रधानमंत्री ओयुन ने दिया इस्तीफा

**ताइपे (ताइवान)।** मंगोलिया के पीएम ओयुन-एर्डीन लुवसन्नामराय ने देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मतगणना आयोग के प्रमुख एम नरंतुया-नारा के अनुसार विश्वास मत साबित करने के लिए हुए मतदान में ओयुन-एर्डीन के पक्ष में केवल 44 वोट पड़े जो 126 सीट वाली संसद में बहुमत के लिए जरूरी 64 वोट से काफी कम है। भाषा

### कश्मीर में गायब हुआ इजराइली सैलानी

**जम्मू।** कश्मीर घूमने आया इजराइली सेना का जवान अचानक लापता हो गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को इस मामले में अपहरण की आशंका है, जिसके बाद से पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबल पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। वह अकेले ही कश्मीर के कुछ प्राकृतिक स्थलों का दौरा कर रहा था और कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में था। भाषा

## पुणे में 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' विषय पर कार्यक्रम में बोले सीडीएस चौहान

# हमने पाक की योजना को 8 घंटे में ही ध्वस्त किया, नई लक्ष्मण रेखा खींची

## पड़ोसी भारत को लहूलुहान करना चाहता था, हमने घर में घुसकर मारा, उसे घुटनों के बल लेकर आए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| पुणे

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ पूरी तरह एक नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। सावित्रीबाई फुले पुणे विवि में 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' विषय पर व्याख्यान में जनरल चौहान ने कहा कि 10 मई को पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, लेकिन हमारी सेनाओं ने उसे 8 घंटे में ही ध्वस्त कर दिया और पाकिस्तान को घुटने के बल पर ले आए। उसने हार मान ली और बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।



- नुकसान के डर से पाकिस्तान ने सीजफायर के लिए फोन किया
- हमने केवल पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया
- नुकसान महत्वपूर्ण नहीं, परिणाम होते हैं महत्वपूर्ण
- भारत आतंक और परमाणु ब्लैकमेल से डरने वाला नहीं

**पहलगाम में हद दर्जे की क्रूरता हुई**
सीडीएस ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ, वह हद दर्जे की क्रूरता थी। युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। उन्होंने कहा कि नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। जनरल चौहान ने राजनीति और हिंसा सहित युद्ध के विभिन्न पहलुओं की व्याख्या करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भी युद्ध और राजनीति समानांतर रूप से हो रही थी।

**भारत धमकी से डरने वाला नहीं**
जनरल चौहान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए और उस देश को भारत को आतंकवाद का बंधक बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। भारत आतंकवाद और परमाणु ब्लैकमेल से डरने वाला नहीं है। भारत के सैन्य हमलों के बारे में उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए।

### रक्षा मंत्रालय ने अफसरों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सीनियर सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों की गोपनीयता का सम्मान करने के लिए एडवाइजरी जारी किया है। इसमें लिखा है, सेवारत या रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के निजी आवासों या परिवारों से इंटरव्यू करने से बचें। जब तक आधिकारिक तरीके से इसका निमंत्रण या इजाजत न दी गई हो। आवासीय पते, परिवार के सदस्यों की तस्वीरें या अन्य गैर-संचालन संबंधी जानकारी सहित निजी ब्योरों का छापने या प्रसारित करने से बचें, जो सार्वजनिक हित में नहीं हैं। मंत्रालय ने अपने फैसले का कारण बताते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे चल रहे ऑपरेशन के संदर्भ में बात करें तो, सेना के वरिष्ठ अधिकारी अपनी नेतृत्वकारी भूमिकाओं की वजह से लोगों की नजरों में आए। मंत्रालय के ध्यान में आया है कि इन अधिकारियों को लेकर हो रही लगातार कवरेज पेशेवर कवरेज से हदों से कहीं आगे बढ़कर अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जिंदगी तक पहुंच गए। मीडियाकर्मियों ने कथित तौर पर उनके आवास पर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क साधने की कोशिश की। इसके अलावा सेना के अफसरों के परिवार से आधिकारिक नहीं बल्कि व्यक्तिगत मुद्दे पर कवरेज की गई।

बिना इजाजत निजी जानकारी न छापें
●
निजी आवासों या परिवारों से इंटरव्यू से बचें

# पाक के लिए जासूसी के आरोप में पंजाब से एक और गिरफ्तार

**तरनतारन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के तरनतारन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी सैन्य जानकारियां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेज रहा था। आरोपित की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर गली नजर सिंह वाली के गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट और तरनतारन पुलिस ने की है। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गगनदीप सिंह 5 साल से पाकिस्तान में बैठे खालिस्तान समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था। चावला के जरिए ही उसका परिचय पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से हुआ था। आरोपित ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत में सेना की गतिविधियों, सैनिकों की तैनाती और रणनीतिक ठिकानों की सूचनाएं पाक से साझा की थीं।

**कॉल डिटेल्स मिले**
- गगनदीप को उसके घर से पकड़ा। लगातार पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में था। ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होने के बाद भी लगातार पाक में कॉल्स कर रहा था।
- घर की तलाशी में मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिसमें खुफिया जानकारी मौजूद है। यह जानकारी आईएसआई एजेंटों को भेजी गई थी। उसके मोबाइल फोन में आईएसआई से जुड़े 20 से अधिक कॉन्टैक्ट भी मिले हैं।

### सभी सरकारी अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव पर रोक

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र के अस्पतालों में मरीजों के हितों की रक्षा और नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के चिकित्सकों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने केंद्र के अस्पतालों को निर्देश दिया कि वे अस्पताल परिसर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को प्रवेश न दें। यह अस्पताल में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के प्रवेश को अनुमति न देने के संबंध में पहले दिए गए निर्देशों के संदर्भ में है। इस संबंध में एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को अस्पताल परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। संस्थान प्रमुख इस मामले में सभी अधिकारियों को आवश्यक सख्त निर्देश देंगे।

डीजीएचएस ने जारी किए निर्देश रिप्रेजेंटेटिव को प्रवेश न दें

### संसद सत्र में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया जाएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और भ्रष्टाचार मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके।

जज के घर नोट मामला
संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से बात करेंगे

### यमुना में एक ही परिवार की 6 लड़कियों की डूबने से मौत

**आगरा (भाषा)।** आगरा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में नगला नाथू गांव के पास मंगलवार को यमुना नदी में नहाने गईं एक ही परिवार की छह लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 6 लड़कियां सुबह करीब 10 बजे नहाने के लिए नदी में उतरी थीं, लेकिन वे सभी डूबने लगीं। स्थानीय लोगों ने दो को बचा लिया, जबकि चार डूब गईं। मृतकों की उनकी पहचान दिव्या (14), संध्या (12), शिवानी (17) और नैना (14) के रूप में हुई है। दो लड़कियों सोनम (12) और मुस्कान (18) को एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

आगरा में दर्दनाक हादसा
चार की मौके पर ही मौत हुई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ा

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने अभिनेता कमल हासन को लगाई फटकार



पूछा, किस आधार पर बयान दिया, क्या आप इतिहासकार हैं

**चेन्नई (भाषा)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्टर-डायरेक्टर और नेता कमल हासन को कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी करने के लिए मंगलवार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आपने किस आधार पर यह बयान दिया है? क्या आप इतिहासकार हैं या भाषाविद्? आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 10 जून को होगी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने श्रीराजगोपाल आचार्य का उदाहरण भी दिया, जिन्होंने 75 साल पहले ऐसा ही बयान दिया था।

### भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 1.1% बढ़ाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विस कंपनी (यूबीएसी) ने भारत की एफवाय 26 की रियल जीडीपी ग्रोथ रेट (जीडीपी ) का अनुमान 6% से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है। मार्च 2025 तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन और लचीलापन देखते हुए यूबीएस ने यह वृद्धि की है। यूबीएसी के इंडिया कॉम्पोज़िट इकोनॉमिक इंडिकेटर (सीईआई) के अनुसार अप्रैल में आर्थिक गति बरकरार रही। मौसमी रूप से समायोजित इंडेक्स में मासिक आधार पर 1.1% की वृद्धि दर्ज की गई। यह मार्च तिमाही के औसत के करीब है।

यूबीएसी ने जीडीपी ग्रोथ रेट अनुमान को संशोधित किया
रेपो रेट में कटौती की जताई संभावना

## वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल लॉन्च करेगी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार 6 जून को 'उम्मीद' पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। 'उम्मीद' का पूरा नाम है-यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो 1 से 2 माह की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

छह माह के भीतर सभी संपत्तियों का पंजीकरण जरूरी, 6 जून को शुरू हो सकता है पोर्टल, सभी संपत्तियों का देना होगा ब्यौरा

### पाक में इन्फ्लुएंसर किशोरी की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' किशोरी सना यूसुफ (17) की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई।



इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि सना के हत्यारे का पता चल गया है। अपराधी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया। हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है।

**अवसर** घर से कर सकेंगे आमदनी, 10,000 रुपये प्रतिदिन तक कमा सकेंगे

# प्रदेश के युवाओं को मिलेगी होम स्टे की मुफ्त ट्रेनिंग, 29 वर्ष तक के युवा 6 तक करें आवेदन

घरों के कुछ कमरों को गेस्ट हाउस रूप में किराए पर दिया जा सकेगा
सीएम सैनी ने इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नायब सरकार अब होम स्टे योजना को पूरे प्रदेश में शुरू करने जा रही है। पहले यह योजना 4 जिलों तक ही सीमित थी, लेकिन अब सीएम नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाए। 6 जून तक इस योजना के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। इस योजना के तहत राज्य सरकार युवाओं को होम-स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग देगी। योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने घरों के कमरों को गेस्ट हाउस के रूप में किराए पर देकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने में सक्षम बनाना है। योजना को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा सरकार के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।



प्रदेश के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि पहले यह योजना केवल पंचकूला, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों के युवाओं के लिए लागू थी, लेकिन अब इसे पूरे राज्य के 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए विस्तारित किया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 थी, जिसे बढ़ाकर अब 6 जून 2025 कर दिया गया है। युवाओं से अनुरोध है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**यह करना होगा**
- प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा अपने घरों में उपलब्ध अतिरिक्त कमरों का उपयोग होम-स्टे सुविधा के रूप में कर सकेंगे।
- इच्छुक उम्मीदवार 6 जून, 2025 तक अपने संबंधित जिला नोडल आई.टी.आई. में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र और नियम व शर्तें विभाग की वेबसाइट **www.itiharyana.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते है। यह योजना सीएम सैनी के विजन आत्मनिर्भर युवा-आत्मनिर्भर हरियाणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खबर संक्षेप

### तीन युवक 23.870 किलो डोडा चूरापोस्त के साथ धरे



**सिरसा।** पुलिस ने ऐलनाबाद क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान कार सवार लोगों से लाखों रुपए का 23 किलो 870 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सुखदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह,मनप्रीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह व गुरवीर सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासियान वार्ड नंबर 4 ऐलनाबाद जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### बैंक खाता खुलवाकर धोखे से लाखों की ट्रांजेक्शन

**फतेहाबाद।** जिले की एक छात्रा के धोखाधड़ी का शिकार होने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर जानकार ने उसका बैंक खाता खुलवाया और उस खाते में लाखों की ट्रांजेक्शन की। युवती को जब इसका पता चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गाजूवाला निवासी सोनिया ने कहा है कि वह यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी कर रही है। उसके जानकार पुनीत जिससे उसकी इंस्टाग्राम पर जानकारी हुई थी।

### बीज की दुकान पर फायरिंग करके 50 लाख की मांगी रंगदारी

# जींद में पुलिस से मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

**बदमाशों ने भी गोलियां चलाईं, लेकिन पुलिस कर्मी बच गए**

- उचाना इलाका में तीन स्थानों पर फायरिंग करने तथा फिरौती मांगने में थे वांछित
- पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किए दो पिस्तौल कारतूस तथा खोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** घायल अवस्था में बदमाश मोहित जांगडा। घायल बदमाश मोहित शर्मा। फोटो : हरिभूमि

गांव ईक्कस हांसी ब्रांच नहर पटरी के निकट मंगलवार को बदमाशों तथा पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। दोनों बदमाश हाल ही उचाना थाना इलाके में तीन स्थानों पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने, दो कारोबारियों से पचास-पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने, में वांछित थे। घायल बदमाशों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मौके से दो पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस ओर कुछ खोल बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि उचाना थाना इलाके में तीन स्थानों पर सिलसिलेवार फायरिंग करने तथा रंगदारी मांगने में वांछित बदमाश गांव ईक्कस हांसी ब्रांच नहर पटरी से गांव रामराय की तरफ जाते देखे गए हैं। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने बदमाशों को घेर लिया। जिस पर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए कच्चे रास्ते से भागने की कोशिश की। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां दागी। जिसमें गोली दोनों बदमाशों की टांग में जा लगी और घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान गांव इंद्रगढ़ निवासी मोहित शर्मा तथा उसके हमउम्र गांव शामलो कलां हाल विश्वकर्मा कालोनी निवासी मोहित जांगड़ा के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर डीएसपी लॉ एंड आर्डर जितेंद्र राणा, उचाना के डीएसपी संजय कुमार, सदर थाना प्रभारी डा. सुनील कुमार, सीआईए प्रभारी मनीष कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। दोनों बदमाशों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर थाना पुलिस ने घायल बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### दोनों बदमाश काबू



दोनों बदमाश जानलेवा हमला करने, दहशत फैलाने, रंगदारी मांगने के मामलों में वांछित थे। पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल होने के बाद दोनों बदमाशों का काबू कर लिया गया है। पूछताछ जारी है। -उचाना डीएसपी संजय कुमार

### करनाल: मोबाइल शॉप पर फायरिंग, फेंकी धमकी भरी पर्ची

**करनाल।** शहर के चार चमन इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने एक मोबाइल शॉप के बाहर अचानक फायरिंग कर दी। दोनों युवक अपने-अपने हथियारों से लैस थे। एक ने बाइक पर बैठे-बैठे गोली चलाई, जबकि दूसरा युवक उतरकर दुकान के बाहर हवाई फायर करता रहा। इसके बाद उसने दुकान का दरवाजा खोलकर अंदर एक पर्ची फेंकी और तीसरी गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पिस्टल ने काम नहीं किया। घटना नागपाल मोबाइल शॉप के बाहर हुई, जहां दुकान मालिक गुरजी मोबाइल पर बैठे थे। उन्होंने बताया कि फायरिंग करने के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना में दुकान के शीशे को निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। दुकान के शीशे के पास एक गोली का खोल भी बरामद हुआ है। दुकान के मालिक संदीप नागपाल ने घटना की जानकारी मोबाइल मार्केट प्रधान को दी।

### गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, दो के खिलाफ केस दर्ज

## फर्जी मोबाइल सिम कार्ड गिरोह का पर्दाफाश, 494 चालू सिम बरामद



**डबवाली।** सीआईए डबवाली ने बिना आईडी प्रूफ के मोबाइल सिम की खरीद-बेच गैंग के एक सदस्य को 494 चालू सिमों के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त की गई मोबाइल सिम में जियो कंपनी की 219 और बीएसएनएल कंपनी की 275 सिम जब्त की है। पुलिस ने मामले में सिरसा व दिल्ली निवासी दो अन्य लोगों के खिलाफ भी टेलीकम्युनिकेशन एक्ट की धारा 42 के तहत मामला दर्ज किया है। सीआईए डबवाली के एएसआई पालाराम को किसी मुखबीर से सूचना मिली कि शुभम पुत्र रणबीर निवासी वार्ड नंबर-5 हाल निवासी गली नंबर-7 सुंदरनगर मंडी डबवाली जाली दस्तावेजों के आधार पर जारी मोबाइल सिम का धंधा करता है। उसके तार दिल्ली तक जुड़े हुए है। बिना आईडी प्रूफ के चालू सिम को बेचकर वह मोटी कमाई करता है। आरोपी शुभम अलीकां रोड स्थित एक बंद पड़े स्टेडियम के पास सिम बेचने की फिराक में खड़ा है। सीआईए डबवाली की टीम ने दबिश दी और शुभम को धर दबोचा। जांच करने पर उसके कब्जे से चार मोबाइल बरामद हुए, जबकि जियो और बीएसएनल कंपनी के 494 सिम बरामद हुए।

### कैंटर से कुचले जाने पर युवक की मौत

**गुरुग्राम।** युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने मौसेरे भाई के साथ पैदल ही नाश्ता करने के लिए एक होटल में जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में बिहार मूल के वसीम अंसारी ने कहा कि वह यहां किराए के मकान में रहता है और निजी काम करता है। उसका मौसी का लड़का नाजबुल अंसारी और वह बीती दो जून की सुबह नाश्ता करने के लिए होटल हाइवे किंग की ओर पैदल जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने नाजबुल अंसारी को कुचल दिया। नाजबुल अंसारी को सिल्वर हॉस्पिटल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।


## प्रवेश सूचना

तिरुवनन्तपुरम, केरल में भारतीय खेल प्राधिकरण, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय (एसएआई-एलएनसीपीई), शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में से एक है। हम शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु बीपीएड (4-वर्षीय मौलिक) और एमपीईएस प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। आवेदन 30 अप्रैल 2025 से 19 जून 2025 तक अप. 6.00 बजे तक ऑनलाइन जमा करवाए जा सकते हैं।
**परीक्षा केन्द्र** :- एसएआई-एलएनसीपीई, तिरुवनन्तपुरम, एलएनआईपीई, ग्वालियर और एलएनआईपीई-एनईआरसी, गुवाहाटी
अधिक विवरण हेतु, कृपया पधारें : **www.lncpe.ac.in.**
सम्पर्क नम्बर : 0471-2412189, 2418712
(प्राचार्य)
सीबीसी-47115/12/0001/2526 एसएआई-एलएनसीपीई


### पूर्व मंत्री बबली समर्थक थे, 10 में से 7 सदस्य विरोध में रहे

## जाखल पंचायत समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की गई कुर्सी, अविश्वास प्रस्ताव पास

- बबली के जजपा में रहते हुए जीते थे जगतार और मीनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को हटाने के बाद खुशी व्यक्त करते जाखल पंचायत समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जिले के जाखल पंचायत समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास पास आखिरकार पास हो गया। मंगलवार को फतेहाबाद में एडीसी कार्यालय में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हुई बैठक में पंचायत समिति के 10 में से 7 सदस्यों ने पहुंचकर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में सहमति दी। इसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों को कुर्सी से हाथ धोना पड़ा। यह दोनों ही पूर्व पंचायत मंत्री एवं भाजपा नेता देवेंद्र सिंह बबली के समर्थक माने जाते हैं। बता दें कि जाखल पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में फतेहाबाद के लघु सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में पंचायत समिति के 10 सदस्यों में से 7 सदस्यों ने पहुंच कर अपनी सहमति दर्ज करवाकर अविश्वास प्रस्ताव पास कर दिया है। इसी के साथ पंचायत समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह व उपाध्यक्ष मीनू रानी को पद मुक्त कर दिया गया। जगतार सिंह और मीनू रानी दोनों को पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली का समर्थक माना जाता था। ऐसे में दोनों की कुर्सी का जाना पूर्व मंत्री के लिए एक झटका माना जा रहा है। बता दें कि पंचायत समिति जाखल में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित 10 सदस्य है। जगतार सिंह नडैल पंचायत समिति के अध्यक्ष व मीनू शक्करपुरा उपाध्यक्ष थी।

### जींद-कैथल मार्ग पर तेग बहादुर के निकट हुआ हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, ऑटो सवार एक की मौत, पांच घायल

- घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** घटनास्थल पर जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

जींद-कैथल मार्ग पर गांव तेग बहादुर के निकट मगंलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मदीना (रोहतक) निवासी ऑटो चालक दीन दयाल मगंलवार को पांच मजदूरों को लेकर कैथल की तरफ जा रहा था। जींद-कैथल मार्ग पर गांव तेगबहादुर के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी ऑटो को टक्कर मार दी। जिसमें ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो सवार एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। जबकि ऑटो चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। मृतक मजदूर की पहचान बिहार निवासी सलमान (30) के रूप में हुई है। जब घायल मजदूरों की पहचान बिलाक झांसी यूपी निवासी अरविंद, उसकी पत्नी हीरा, चिंतामनी उसकी पत्नी सुखवंती रूप मे हुई। पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) नीरज ढोचक उर्फ भूरा उर्फ निशू पुत्रः** राजेंद्र कुमार **पताः** मकान नं. सी-22, गली नंबर 12, फेज़ I, ऋषि नगर, अमर कॉलोनी, नांगलोई, दिल्ली **(2) मंजीत शर्मा उर्फ दादा पुत्रः** श्री बाल किशन **पताः** गांव हुमायूपुर, रोहतक, हरियाणा, Cases **FIR No. 151/2025 Us/ 103(1)/3(5) BNS & 25/27 Arms Act थानाः अलीपुर, दिल्ली,,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नीरज ढोचक उर्फ भूरा उर्फ निशू (2) मंजीत शर्मा उर्फ दादा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नीरज ढोचक उर्फ भूरा उर्फ निशू (2) मंजीत शर्मा उर्फ दादा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि Cases **FIR No. 151/2025 Us/ 103(1)/3(5) BNS & 25/27 Arms Act थानाः अलीपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) नीरज ढोचक उर्फ भूरा उर्फ निशू (2) मंजीत शर्मा उर्फ दादा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रूबी नीरज कुमार
एलडी. सीजेएम/उत्तर, कमरा नं. 115,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6904/ON/2025**
**(Court Matter)**


### सिंगापुर भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 4.90 लाख रुपये

**यमुनानगर।** सिंगापुर भेजने के नाम पर शहर की कांबोज कॉलोनी निवासी विम्मी से चार लाख 90 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप जटहेड़ी गांव निवासी अमन कुमार पर लगा है। विम्मी अपने लड़के संकेत को सिंगापुर भेजना चाहता था। आरोप है कि आरोपी ने रुपये लेने के बाद नकली वीजा व टिकट थमा दिए। पता चलने पर जब विम्मी ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने आरोपी अमन पर धोखाधड़ी व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की कांबोज कॉलोनी निवासी विम्मी ने बताया कि उसकी जटहेड़ी निवासी अमन कुमार के साथ काफी समय से जान पहचान थी। आरोपी लोगों को विदेश भेजने का कार्य करता है।

### साइबर ठगी करने पर एक नाबालिग सहित 53 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम पुलिस ने देशभर में 61.52 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले 53 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 26 मोबाइल और तीन सिम कार्ड बरामद किए हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से मोबाइल व सिम कार्ड का डाटा जांचने पर पता चला कि आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी संबंधी कुल 12,607 शिकायतें और 502 मामले दर्ज हैं। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, सेक्सटॉर्सन, निवेश कराकर और फर्जी अधिकारी बनकर लोगों के साथ धोखाधाड़ी करते थे। इन आरोपियों के खिलाफ देशभर में दर्ज कुल मामलों में से 28 मामले हरियाणा में दर्ज हैं।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Mansi Gaur**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**MINOR VISHAL MALIK**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRSOA0-000285-2024
Next Date : 05.07.2025

It is prayed before the Hon'ble Court that the necessary permission may kindly be granted in favour of the petitioner (Minor Vishal Malik S/o Late Sh. Sanjay Kumar Malik S/o Hari Singh R/o H.No.94, 1" Floor, Gali No.12/5, Wazirabad Extension, Burari, North Delhi at present village Pugthala Tehsil Ganaur Distt. Sonepat, Minor through his mother Roshni Widow of Late Sanjay Kumar Malik S/o Hari Singh) to dispose off/sell the share of the minor i.e.one acre land ie. 8 Kanal land in dispute. as detail in the para no. 1(a) and 2 of the petition, in the larger interest of Justice and also for the most welfare and benefits of the minor.

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**Ganaur, Distt. Sonipat, Haryana, India**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.07.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**
**Sd/- Sagar Sharma Duty magistrate/Civl judge (Jr. Division), Ganaur**
Dated, this day of 03.06.2025



## टेंडर नोटिस

### कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी

कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी में Chest X-Ray Services से सम्बन्धित कार्य करने हेतु आगामी एक वर्ष के लिए प्रैस टेण्डर के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

नियम व शर्तेः-

प्रैस टेण्डर की आवेदन फीस Rs. 500/-(Non Refundable) है जो District Health & Family Welfare Society, Bhiwani के Bank Acc. No. 39206223017 IFSC Code:- SBIN0001531 Bank Name:- SBI Address Ghanta Ghar, Bhiwani. में जमा करवाकर दिनाँक 16 जून 2025 तक कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी के कमरा न0 216 में भुगतान की ऑनलाइन स्लिप जमा करके प्रैस टेण्डर से संबन्धित दस्तावेज प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदायें सिविल सर्जन कार्यालय, भिवानी में दिनाँक 27 जून 2025 तक सांय 05:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिएं। इसके बाद प्राप्त निविदायें प्रक्रिया में शामिल नहीं की जाएगीं। निविदायें सिविल सर्जन कार्यालय में दिनाँक 30 जून 2025 को सांय 3:00 बजे खोली जाएंगी। सभी सेवा प्रदाता एक पंजीकृत इकाई होनी चाहिएं, राज्य निकायों/अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों (यदि कोई हो) से प्रासंगिक लाइसेंस होना चाहिए एवं जिला भिवानी में स्थित होना चाहिए। निविदाओ को पास व रद्द करने का पूर्ण अधिकार टेण्डर कमेटी व सिविल सर्जन महोदय का होगा।

हस्ता/-सिविल साजन
भिवानी।

पीआरडीएच 1058/11/1071/2026/35324/88/6 दि. 03.06.2025


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

### इंवेस्टमेंट में मुनाफे का प्रलोभन देकर महिला से ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाजों ने इंवेस्टमेंट में मुनाफे का प्रलोभन देकर एक महिला से एक लाख रुपए ठग लिए। महिला से यह ठगी हाईबॉक्स नामक ऐप के जरिए की गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## शब्द पहेली - 5887




**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 5886 का हल





# 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी ने आखिर कब्जाया खिताब





**बेंगलुरू की गलियों में जश्न**



**किंग कोहली का सपना पूरा**

# आरसीबी आईपीएल की नई किंग

## आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, पंजाब को छह रन से दी मात

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 18 साल की नाकामियों और निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए पंजाब किंग्स को मंगलवार को छह रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर रो पड़े। उनके साथ ही 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गई। अब तक तीन बार फाइनल में मिली नाकामी की यादें भी खुशी के इन आंसुओं में धुंधली हो गई। बल्लेबाजी की मददगार पिच पर खेले गए फाइनल में आरसीबी ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए जुझारूपन नहीं छोड़ा और जीतकर ही दम लिया। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। 190 रन का स्कोर उतना बड़ा नहीं था, लेकिन कृणाल पंड्या की अगुवाई में गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये। वैसे मैच का निर्णायक पल रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था। आखिरी ओवर में पंजाब को 29 रन चाहिये थे और जोश हेजलवुड ने दूसरी डॉट गेंद डालकर जीत तय कर दी। पंजाब के लिये शशांक सिंह (30 गेंद में 61 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। दूसरे क्वालीफायर में शानदार पारी खेलकर आये अय्यर एक रन बनाकर आउट हो गए। जोश इंगलिस ने 23 गेंद में 39 रन बनाये लेकिन पंड्या ने 13वें ओवर में उन्हें लांग आन पर लपकवाया। इसके बाद से हर डॉट गेंद पर 'आरसीबी आरसीबी' का शोर बढता गया। आरसीबी के लिये खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल भी खास तौर पर इस मैच के लिये यहां पहुंचे थे। पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 22 गेंद में 26 रन बनाये। भुवनेश्वर सिंह ने नेहाल वढेरा (15) और मार्कस स्टोइनिस (छह) को तीन गेंद के भीतर 17वें ओवर में पवेलियन भेजा। इससे पहले अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आरसीबी के लिये कोहली 35 गेंद में 122.85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए।



### खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार

| अवॉर्ड | इनामी राशि | विजेता |
|---|---|---|
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | जितेश शर्मा |
| फैंटसी किंग ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| ऑन द गो 4s ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | प्रियांश आर्या |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| प्लेयर ऑफ द मैच | 5 लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | टाटा कर्व | वैभव सूर्यवंशी |
| फैंटसी किंग ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | निकोलस पूरन |
| ऑन द गो 4s ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | मोहम्मद सिराज |
| कैच ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | कामिंदु मेंडिस |
| *फेयर प्ले अवॉर्ड* | *ट्रॉफी* | *चेन्नई सुपर किंग्स* |
| *पर्पल कैप* | *10 लाख रुपये* | *प्रसिद्ध कृष्णा* |
| *ऑरेंज कैप* | *10 लाख रुपये* | *साई सुदर्शन* |
| *मोस्ट वैलुएबल प्लेयर ऑफ द सीजन* | *15 लाख रुपये* | *सूर्यकुमार यादव* |
| *पिच एंड ग्राउंड अवॉर्ड* | *50 लाख रुपये* | *दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन* |

### बेंगलुरू-190/9(20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : नौ रन

योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन

विकेट पतन :1-18, 2-56, 3-96 , 4-131, 5-167, 6-171, 7-188, 8-189, 9-190

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब-184/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 184 रन

विकेट पतन : 1-43, 2-72, 3-79, 4-98, 5-136, 6-142, 7-145

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

## अपने पहले ही सीजन में चमके ये खिलाड़ी

हर साल इस लीग से कई स्टार्स उभर कर सामने आते हैं और उन्हें देश का भी लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता। सिर्फ भारत नहीं, विदेशी खिलाड़ी भी इस लीग में चुने जाने का इंतजार करते हैं। इस साल भी आईपीएल में कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने पहली बार हिस्सा लिया और अपने टैलेंट और स्किल का लोहा मनवाया।

### वैभव सूर्यवंशी

14 साल के वैभव का यह पहला सत्र रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उन्होंने कई तूफानी पारियां खेलीं। बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और 7 चौके लगाए थे। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे। साथ ही वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने थे। उन्होंने यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा था। वैभव ने आईपीएल करियर की पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर का सामना किया था और पहली गेंद पर छक्का लगाकर बता दिया कि उनमें कितनी प्रतिभा है। उन्होंने इस सीजन सात मैचों में 206.55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनका स्ट्राइक इस सीजन सात या उससे ज्यादा मैच खेलने वालों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ रहा।

### प्रियांश आर्या

बाएं हाथ का यह सलामी बल्लेबाज दिल्ली प्रीमियर लीग मैच के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की छवि के साथ आया था। उसने आईपीएल में भी ठीक उसी तरह का खेल दिखाया। इस बल्लेबाज ने निर्भीक होकर खेला और दुनिया के नामीगिरामी तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की धुनाई की। प्रियांश ने सीएसके के खिलाफ शतक जड़ा और वह इस सीजन 450+ रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हैं। प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए इस सीजन अब तक 17 मैचों में 183.33 के स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। पंजाब किंग्स ने उन्हें 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### विपराज निगम

20 साल की उम्र में विपराज निगम ने सीनियर क्रिकेट में तेजी से प्रगति की है और नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। राशिद खान से प्रेरित एक लेग स्पिनर निगम स्पिन की मददगार सतहों पर घातक टर्न के लिए जाने जाते हैं। इस ऑलराउंडर को भविष्य का सितारा माना जा रहा है। विपराज ने इस सीजन 14 मैचों में 179.74 के स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 11 विकेट भी लिए। उनका इकोनॉमी रेट 9.12 का रहा। विपराज यूपी टी20 लीग से सुर्खियों में आए थे।

### दिग्वेश राठी

आईपीएल के बैड बॉय नाम से मशहूर हुए इस खिलाड़ी ने इस सीजन सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स से खेलते हुए इस स्पिनर ने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक, हर जगह गेंदबाजी की। इसके बावजूद बल्लेबाजों को इस स्पिनर को खेलने में दिक्कत हुई। अपनी गुगली से इस स्पिनर ने खूब प्रभावित किया। उनका नोटबुक सेलिब्रेशन तो इस सीजन की सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दिग्वेश भविष्य में भारत के लिए खेलते दिखाई पड़ सकते हैं। इस गेंदबाज का निर्भीक होना इसकी सबसे बड़ी खूबी है। उन्होंने इस सीजन 13 मैचों में 8.25 की इकोनॉमी रेट से रन दिए और 14 विकेट लिए।

### अश्विनी कुमार

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं हैं। अश्विनी ने मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया और अपने पहले ही सीजन में सीम और स्विंग से प्रभावित किया। उन्होंने सात मैचों में 11 विकेट लिए और 11.31 की इकोनॉमी रेट से रन दिए। 24 रन देकर चार विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही। अश्विनी आईपीएल डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। अश्विनी मुंबई के लिए डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज भी बने थे।

## खबर संक्षेप

### इस बार विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। विंबलडन 30 जून से शुरू होगा। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है।

### भारत-थाईलैंड के बीच मैत्री मैच आज

**पथुम थानी ।** भारत बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है।

### ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड-वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बाइक से पहुंचे

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिये समय पर पहुंच गए लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे।

**इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## सिंधू व सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।



### यह जीत मेरे लिए महत्वपूर्णः सिंधू



सिंधू ने मैच के बाद कहा, "पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।"

### सात्विक-चिराग, सिंधू का मैच भी रहा रोमांचक

फिर सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को 67 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाकर मैच जीता।

### *लय बरकरार नहीं रख सके लक्ष्य, प्रणय हुए बाहर*

*लक्ष्य सेन पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

### *मालविका खेल के बीच में हुईं रिटायर*

*मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।*

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर (नॉर्वे)

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## आईसीसी ने वनडे क्रिकेट के नियमों में किए कई बड़े बदलाव, 1 जुलाई से होंगे लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल 1 जुलाई से कुछ नए खेल नियम लागू करने जा रही है। वनडे मैचों में अब फिर से एक ही गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। फिलहाल मैच की शुरुआत से दोनों सिरों से 2 नई गेंदों का इस्तेमाल होता है। अब नए नियमों के तहत 35वें ओवर के बाद से सिर्फ एक ही गेंद से मैच होगा। सीमित ओवरों के अंतरराष्ट्रीय मैचों में ये नियम जुलाई से लागू होंगे।

### वनडे क्रिकेट में किया गया है सबसे बड़ा बदलाव

वनडे मैचों में गेंद के इस्तेमाल को लेकर सबसे बड़ा बदलाव किया गया है। अब 50 ओवर की एक पारी में शुरुआत के 1 से 34 ओवर तक 2 नई गेंदों का उपयोग होगा। इसके बाद 35वें ओवर से 50वें ओवर तक इन्हीं में से किसी एक गेंद से मैच आगे बढ़ेगा। यह बदलाव आईसीसी के नए खेल नियमों के तहत होने जा रहा है। इसकी जानकारी सबसे पहले 30 मई को रिपोर्ट में सामने आई थी।

### ये नियम भी बदला

गेंद से जुड़े नियमों के साथ-साथ सिर में चोट (कन्कशन) के मामले में बदलाव किए गए हैं। अब टीमों को हर मैच से पहले मैच रेफरी को 5 संभावित बदलाव खिलाड़ियों की सूची देनी होगी, जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर खिलाड़ी शामिल होगा। अगर किसी बदले गए खिलाड़ी को भी कन्कशन हो जाता है और असाधारण स्थिति में फिर बदलाव की जरूरत पड़ती है, तो फैसला मैच रेफरी द्वारा लिया जाएगा।

**स्कॉटलैंड का जश्न पल भर में छू मंतर**

## अंपायर के इशारे ने पलटी बाजी, आखिरी गेंद पर नेपाल जीता

एजेंसी ▶▶| स्कॉटलैंड

क्रिकेट में आखिरी गेंद पर जीत तो देखी है लेकिन अंपायर की वाइड कॉल से नतीजा पलटते बहुत कम देखा होगा। सोमवार को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 में नेपाल ने स्कॉटलैंड को उसी अंदाज में हराया, जिसे देखकर फैंस और खिलाड़ी, दोनों ही दंग रह गए। मैच की आखिरी गेंद पर स्कॉटलैंड ने नेपाल का आखिरी विकेट गिरा दिया था...या उन्हें लगा ऐसा हुआ। मैदान पर जश्न शुरू हो चुका था, लेकिन तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया और उसी एक सिग्नल ने स्कॉटलैंड का दिल तोड़ दिया, नेपाल के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और आखिरी गेंद पर जीत दर्ज कर ली।



### स्कॉटलैंड ने मनाना शुरू कर दी खुशी

स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने अपनी जीत मान ली थी। तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया, और करन ने बल्ला उठाकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। स्कॉटलैंड के खिलाड़ी हक्का-बक्का रह गए। उन्हें समझ ही नहीं आया कि ये क्या हुआ। अभी तक जो स्कॉटिश खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे, उनके चेहरे लटक गए। इसके बाद उनके पास मायूस होने के अलावा कुछ नहीं बचा था।

### नेपाल की टीम अभी भी 7वें स्थान पर

इस जीत से नेपाल को दो अहम अंक तो मिल गए, लेकिन टीम अब भी 8 टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं, स्कॉटलैंड अब चौथे पायदान पर है और यह हार उन्हें काफी भारी पड़ सकती है। क्या हुआ आखिरी गेंद पर? करन केसी स्ट्राइक पर थे। स्कॉटलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वॉट ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद फेंकी, जो लेग स्टम्प की लाइन से बहुत बाहर चली गई। करन ने फ्लिक करने की कोशिश की लेकिन चूक गए। विकेटकीपर मैथ्यू क्रॉस भी गेंद को ठीक तरह से पकड़ नहीं सके और पीछे भागते हुए स्टंप्स गिरा दिए। नेपाल के आखिरी बल्लेबाज़ रिज़न ढकाल ने क्रीज में पहुंचने के लिए डाइव लगा दी लेकिन लग रहा था कि आउट हो गए।

### करन केसी गेंद और बल्ले दोनों से चमके

करन केसी नेपाल की इस जीत के असली हीरो थे। पहले उन्होंने गेंदबाज़ी में 10 ओवर में 2 विकेट लेकर स्कॉटलैंड को 296/7 पर रोका। नेपाल की शुरुआत अच्छी रही लेकिन फिर अचानक विकेट गिरते चले गए। एक वक्त स्कोर 152/2 से 192/7 स्कोर हो गया था और लग रहा था कि स्कॉटलैंड जीत जाएगा। तभी करन ने वापसी करवाई। 297 रन का पीछा करना नेपाल के लिए वनडे में अब तक का सबसे बड़ा रनचेज रहा।

## चिंतन

# कमल हासन को फटकार बयानवीरों के लिए सबक

देश की बड़ी शख्सियत को सोच-समझकर बयानबाजी करनी चाहिए। जब कोई व्यक्तित्व शख्सियत बन जाता है, तो वह केवल एक व्यक्ति नहीं रह जाता है, बल्कि एक विचार बन जाता है, उनका कद समाज को प्रभावित करने लगता है। तमिल सुपर स्टार अभिनेता कमल हासन ऐसी ही शख्सियत हैं, जिनके कहे शब्द लोगों को, समाज को प्रभावित करते हैं। कन्नड़ भाषा को लेकर उनके बयान लापरवाही भरे हैं और तथ्यों से परे हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को आईना दिखाया है कि 'आप बेशक कमल हासन होंगे, पर आप किसी की भी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते, आपको कोई हक नहीं है'। कमल को कोर्ट की यह फटकार बयानवीरों के लिए सबक है। बेशक तमिल भारत की प्राचीन भाषाओं में से एक है, लेकिन कन्नड़ भी अति प्राचीन भाषा ही है। मलयालम, तेलुगु की तरह तमिल और कन्नड़ भी द्रविड़ परिवार की भाषा है, लेकिन भाषा इतिहास में ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि कन्नड़ की उत्पत्ति तमिल से ही हुई है। तमिल भाषा की उत्पत्ति करीब 3000 वर्ष पहले हुई थी, जबकि कन्नड़ भाषा की उत्पत्ति करीब 2500 वर्ष पहले। इसके बावजूद भाषा इतिहास विज्ञानी इस बात पर एकमत नहीं हैं कि कन्नड़ का विकास तमिल से हुआ है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन से ठीक ही पूछा कि आप इतिहासकार हैं या भाषाविद? हमारे देश में अनेक बड़े लोग खासकर राजनीतिज्ञ सर्वज्ञानी होने के भ्रम में अनेक बार गलतबयानी करते हैं और विवाद पैदा करते हैं। कई बार वे सुर्खियां बटोरने के लिए सयास करते हैं। विवाद फिल्म प्रोमोशन का भी तरीका रहा है। कमल हासन अभेनेता भी हैं और राजनेता भी हैं। ऐसे में तमिल स्मिता की राजनीति से वे तमिलनाडु की सियासत में अपनी जगह बनाना चाहते हैं। ऐसे में उनका तमिल व कन्नड़ भाषा पर बयान राजनीति चमकाने व प्रचार पाने के मकसद से दिया हुआ हो सकता है, लेकिन हाईकोर्ट ने जिस तरह से चेताया है, उससे उन्हें सबक सीखने की जरूरत है। कमल हासन ने अपनी फिल्म के ठग लाइफ के प्रमोशन के दौरान कह दिया था कि 'कन्नड़ तमिल भाषा से ही पैदा हुई है'। गलत बयानी के चलते अनेक राजनीतिक विवाद अदालतों में हैं। अतीत में राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल आदि समेत कई नेताओं को अपनी गलत बयानी के लिए अदालतों की चौखट तक जाना पड़ा है। कमल ठग लाइफ को रिलीज कराने की तैयारी में हैं, अगर उसकी पब्लिस्टी के लिए कन्नड़ पर तथ्यहीन बयानी की है, तो पब्लिस्टी का यह सबसे खराब तरीका है। कमल केवल तमिल स्टार नहीं हैं, बल्कि दक्षिण के सभी राज्यों समेत देश भर के सुपर स्टार हैं। उन्हें दक्षिण की परिपाटी की तरह राजनीति करनी ही है, तो उन्हें समझना चाहिए कि राजनीति और भी संवेदनशील मामला है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कमल हासन के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जल, भूमि और भाषा, ये तीनों हर नागरिक की पहचान से जुड़ी होती हैं। तमिल और कन्नड़ भाषाएं द्रविड़ भाषा परिवार से हैं और इनमें काफी समानताएं हैं, खासकर व्याकरण और शब्दावली के मामले में। हालांकि, ये अलग-अलग भाषाओं के रूप में विकसित हुई हैं और इनके साहित्यिक इतिहास भी अलग हैं। कन्नड़ भाषा तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से ही एक बोली जाने वाली प्रचीनतम भाषा है। कन्नड़ को 2008 में भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा के रूप में घोषित किया गया था। भाषा पर विवाद पैदा करके देश की एकता व अखंडता को कमजोर नहीं करना चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी पर विवाद पहले से ही है।

## सारा संसार



*भगवान श्री कृष्ण की प्रेममय लीलास्थली के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वृंदावन में एक भव्य मंदिर लीलाधाम की स्थापना की गई। 221 फीट ऊंचे, सफेद पत्थरों वाले मंदिर में नौ मंजिला मंदिर की स्थापना सन 1969 में श्रीमद लीलानंद ठाकुर जी (पागलबाबा) द्वारा की गई।*

कुदरत
डॉ कविता सिंधू ख़रीटा



# परिंदों की चहचहाहटः आशा की एक विलक्षण भाषा

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं या टीवी ऑन करते हैं, तो हमारे सामने युद्ध, राजनीति, और समाज की गहरी चिंताओं से जुड़ी खबरें होती हैं। सड़कों पर चलते चेहरे थकान, चिंता और निराशा से भरे होते हैं, लेकिन इसी दुनिया में, इसी समय में, कुछ ऐसा भी है जो हमें इन सबसे ऊपर उठने की शक्ति देता है वो हैं चहचहाते परिंदे। मैंने यह महसूस किया है कि दिन की शुरुआत अगर इन परिंदों को देखकर हो, तो जीवन के कठोर यथार्थ के बीच भी एक मधुर संगीत सुनाई देता है, जो हमें सुकून देता है। कमरे की खिड़की पर बैठा एक छोटा सा परिंदा जब अपने नन्हे पंख फड़फड़ाता है या खुले लॉन में उड़ता है, तो लगता है जैसे प्रकृति हमें अब भी प्रेम और मासूमियत का संदेश दे रही है। इन परिंदों की मौजूदगी हमें याद दिलाती है कि इस जटिल और बेरहम समय में भी अगर हमारे पास देखने के लिए दो भोली आंखें और महसूस करने के लिए एक धड़कता दिल है, तो पृथ्वी पर अभी भी प्रेम, उल्लास और करुणा मौजूद हैं। यह दृश्य महज़ एक प्राकृतिक सौंदर्य नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की आशा, विश्वास और करुणा को जीवित रखें क्योंकि करुणा ही हमें सभी जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रखने की प्रेरणा देती है। जब हम परिंदों को देखते हैं, हम मानो खुद से, और इस दुनिया की सुंदरता से फिर से जुड़ जाते हैं। परिंदों की चहचहाहट केवल ध्वनि नहीं, वह एक मौन संवाद है, जो हमें कहता है कि जीवन



अभी समाप्त नहीं हुआ है, कि हर अंधेरे के बाद एक सुबह होती है, और हर सर्दी के बाद वसंत लौटता है। जब ये परिंदे सुबह के शांत आकाश में उड़ते हैं, तो लगता है मानो वे जीवन के गीत गा रहे हों, गीत जो संघर्ष के बावजूद उम्मीदों से भरे हैं। इन नन्हें पंखों में जो उड़ान है, वह केवल आकाश में ऊँचाई को नापने की नहीं, बल्कि हमारे मन में जमी उदासी की परतों को हटाने की है। वे हमें याद दिलाते हैं कि अगर हम चाहे तो हर दिन एक नई शुरुआत हो सकती है एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, एक नया विश्वास। आखिरकार, परिंदों की चहचहाहट एक अनकही कविता है प्रकृति द्वारा रची गई, हर दिल को छू लेने वाली, हर आत्मा को जगा देने वाली। यह आशा की वह भाषा है जिसे न तो किसी अनुवाद की आवश्यकता है और न ही किसी औपचारिकता की। यह सीधा दिल से दिल तक पहुंचती है। तो अगली बार जब आप किसी परिंदे को चहचहाते सुनें या उड़ते हुए देखें, तो बस एक पल रुक जाइए और भीतर तक गहराई से महसूस कीजिए कि आप भी उसी आशा का ही एक हिस्सा हैं, जो हर सुबह हमारे आसमान में पंख फैलाकर उड़ान भरती है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं।)



दरकार
राज कुमार सिंह

# बदजुबान राजनीति पर लगाम लगे

> राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध भाषा की मर्यादा तो हमारी राजनीति बहुत पहले भूल चुकी है, लेकिन अब देश और समाज के व्यापक हितों की अनदेखी करने में भी राजनेताओं को संकोच नहीं। महज चुनावी जीत के फेर में राजनीति अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारियों-जवाबदेहियों से मुक्त नहीं हो सकती। भाजपा तो बिलकुल भी नहीं, जो चाल, चरित्र और चेहरे के जरिये अलग तरह की साफ-सुथरी राजनीतिक संस्कृति की वाहक होने का दावा करती है। अगर संबंधित दल का आलाकमान बदजुबान राजनीति पर लगाम कसने का साहस नहीं करता तो मतदाताओं को ऐसे नेताओं को नकारने का संकल्प लेना चाहिए।

भाजपा ने कर्नाटक में अपने दो विधायकों एसटी सोमशेखर और शिवराम हेब्बर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते छह साल के लिए निकाल दिया, लेकिन देश और समाज विरोधी बयान देने वाले नेताओं के विरुद्ध किसी तरह की कार्रवाई अभी तक किसी दल में नजर नहीं आती। ऐसे नेताओं की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध भाषा की मर्यादा तो हमारी राजनीति बहुत पहले भूल चुकी है, लेकिन अब देश और समाज के व्यापक हितों की अनदेखी करने में भी राजनेताओं को संकोच नहीं। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर की मीडिया ब्रीफिंग की जिम्मेदारी तीन वरिष्ठ अधिकारियों विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को देने के पीछे सरकार और सेना की सोच बड़ा संदेश देने की रही होगी, लेकिन खुद सत्तारूढ़ दल भाजपा के नेताओं की गैरजिम्मेदार बयानबाजी ने सरकार और पार्टी के साथ-साथ देश को भी शर्मसार कर दिया है। ऐसे बयानवीरों की कमी तो भाजपा समेत किसी भी दल में कभी नहीं रही, पर ताजा प्रकरण में पहला बयान मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का आया। शाह ने एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में कर्नल सोफिया पर कहा कि 'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी-तैसी करने उनके घर भेजा।'

यह बयान समाज ही नहीं, देश विरोधी भी है, लेकिन चौतरफा निंदा के बावजूद शाह के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर भी शाह कानून के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे हैं तो उसका श्रेय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर खंडपीठ को जाता है, जिसने स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर का आदेश दिया। फिर भी लेटलतीफी दिखाते हुए पुलिस ने जैसी लचर एफआईआर लिखी, उससे संदेश गया कि 'ऊपर वाले' शाह को बचा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए सही ढंग से एफआईआर लिखवायी और अपनी निगरानी में जांच की बात कही तो शाह सर्वोच्च न्यायालय चले गए। सर्वोच्च न्यायालय ने शाह की माफी को तो मगरमच्छ के आंसू मानते हुए अस्वीकार कर दिया, लेकिन उच्च न्यायालय में सुनवाई तथा एसआईटी जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी से राहत दे दी। बेशक शाह को कानूनी राहत मिल गई है, पर भाजपा उन्हें कम से कम मंत्री पद से हटाने की नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, शाह से भी आगे निकल गए। उन्होंने कह दिया कि 'प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे, जिनके चरणों में पूरा देश, देश की सेना और वो सैनिक नतमस्तक हैं।' जिस सेना के शौर्य को देश नमन करता है, उसका ऐसा अपमान असहनीय है। फिर भी देवड़ा के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच आया मध्य प्रदेश के भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति का यह बयान भी देश और सेना का मान बढ़ाने वाला तो हरगिज नहीं कि अचानक संघर्ष विराम संयुक्त राष्ट्र संघ के दबाव में करना पड़ा। आपत्तिजनक बयानबाजी का सिलसिला



यहीं नहीं रुकता। हरियाणा भाजपा के बुजुर्ग नेता एवं राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अहिल्याबाई होल्कर संबंधी एक कार्यक्रम में संवेदनहीन बयान दे दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जिन 26 बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, उनमें 'वीरांगना का भाव' नहीं था। हमारे लोग हाथ जोड़ते हुए मारे गए। भला हाथ जोड़ने से कोई छोड़ देता है! अगर हमारे पर्यटक, आतंकवादियों से लड़ने का साहस दिखाते तो शायद कम लोग मारे जाते और कुछ आतंकी भी मारे जाते। जिनके पति आंखों के सामने ही आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गए, जांगड़ा का बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने से कम नहीं। उस बयान की भी चौतरफा निंदा हुई, लेकिन अन्य बयानवीरों की तरह जांगड़ा ने भी सफाई दे दी कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर गलत संदर्भ में पेश किया गया। बेशक भाजपा ने इन बयानों से असहमति जताई।

राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों-उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी, बोलते समय संयम की नसीहत दोहरा चुके हैं, लेकिन भाजपा नेता हैं कि मानते ही नहीं। हाल ही में कर्नाटक के भाजपा विधायक एन रविकुमार ने कलबुर्गी की उपायुक्त फौजिया तरन्नुम की बाबत टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि वह पाकिस्तान से आई हैं। मामला बढ़ते देख रविकुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि उनकी जुबान फिसल गई थी, लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, इसलिए इस मामले में एफआईआर दर्ज हो गई।


अन्य दलों के नेता भी विवादित बयानबाजी में पीछे नहीं। राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने तो एयर मार्शल भारती और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर के जरिये समाजवादी पार्टी की 'पीडीए' वोट बैंक की राजनीति करने में भी संकोच नहीं किया। देश की खातिर सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहने वाली भारतीय सेना के ऐसे अपमान पर सपा आलाकमान का मौन खुद उसे भी कठघरे में खड़ा कर देता है। पहलगाम हमले के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने जिस तरह नीबू-मिर्च टांग कर राफेल विमान का फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वह सेना की साख से खिलवाड़ के साथ ही राष्ट्रविरोध से भी कम नहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत अब सफाई दे रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को नहीं, उस पर राजनीति को असफल बताया था। सरकार और भाजपा पर निशाना साधते-साधते कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत अन्य कुछ कांग्रेसी नेताओं के बयान भी लक्ष्मण रेखा लांघ गए, लेकिन कार्रवाई उन मामलों में भी होती नजर नहीं आई। जिम्मेदार समझे जाने वाले राजनेताओं के ऐसे गैर जिम्मेदार बयान हमारी राजनीतिक संस्कृति को भी कठघरे में खड़ा करते हैं।

राजनीति जिस तरह विचार से विमुख होकर चुनावी समीकरण पर केंद्रित होती जा रही है, उसके चलते भी कई बार राजनीतिक दल ऐसे बदजुबान नेताओं पर कार्रवाई करने से हिचकते हैं। मसलन, आठवीं बार विधायक बने विजय शाह की गिनती मध्य प्रदेश में असरदार आदिवासी नेताओं में होती है। छठी बार विधायक बने जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति समुदाय को साधने के लिए उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। भाजपा को डर हो सकता है कि जाति-समुदाय विशेष के चेहरे बने इन नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई से चुनावी नुकसान हो सकता है। ऐसा संभव भी है, लेकिन महज चुनावी जीत के फेर में राजनीति अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारियों-जवाबदेहियों से मुक्त नहीं हो सकती। भाजपा तो बिलकुल भी नहीं, जो चाल, चरित्र और चेहरे के जरिये अलग तरह की साफ-सुथरी राजनीतिक संस्कृति की वाहक होने का दावा करती है। अगर संबंधित दल का आलाकमान बदजुबान राजनीति पर लगाम कसने का साहस नहीं करता तो मतदाताओं को ऐसे नेताओं को नकारने का संकल्प लेना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला**

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - **चंद्रकांत पांडे**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# संरा महासभा ने जर्मनी की बेयरबॉक को अध्यक्ष चुना



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा शिमड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए शिमड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, ''सुश्री बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।'' पोलियांस्की ने उन पर ''रूस विरोधी नीति'' अपनाने का आरोप लगाया साथ ही इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि वह महासभा की अध्यक्ष के रूप में ''शांति और वार्ता के हित में कार्य करने में सक्षम होंगी।''

## ऑफ बीट

# क्या एआई एक संज्ञानात्मक क्रांति को जन्म दे रही है?




कृत्रिम मेधा (एआई) की शुरुआत मानव मस्तिष्क का अनुकरण करने की खोज के रूप में हुई थी। लेकिन अब यह हमारे दैनिक जीवन में मानव मस्तिष्क की भूमिका को बदलने की प्रक्रिया में है? औद्योगिक क्रांति ने शारीरिक श्रम की आवश्यकता को कम कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एआई के अनुप्रयोग पर शोध करने वाले व्यक्ति के रूप में मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक सका कि क्या एआई ज्ञान संबंधी क्रांति को बढ़ावा दे रही है या फिर ज्ञान संबंधी प्रक्रियाओं की आवश्यकता को समाप्त कर रही है क्योंकि एआई विद्यार्थियों, श्रमिकों और कलाकारों के लेखन, डिजाइन और निर्णय लेने के तरीके को नया आकार देती है। ग्राफिक डिजाइनर अपने ग्राहकों को अपने काम का नमूना दिखाने के लिए एआई का उपयोग करते हैं। बाजार में मौजूद कंपनियां एआई निर्मित प्रोफाइल बनाकर इस बात की तसदीक करती हैं कि उनके विज्ञापन किस तरह काम करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर एआई कोडिंग सहायकों से काम कराते हैं। छात्र रिकॉर्ड समय में निबंध की तैयारी के लिए एआई का उपयोग करते हैं और शिक्षक प्रतिक्रिया देने के लिए इसी तरह के टूल का उपयोग करते हैं। आर्थिक और सांस्कृतिक निहितार्थ हैं ज्यादा क्या होगा, जब लेखक को सही वाक्य लिखने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

## ट्रेंड

### रचनात्मक भूमिका को तैयार



अन्नालेना बारबॉक को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई। महासभा की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत आपके नेतृत्व में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

-एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### बिना शर्त रिहाई का आह्वान



जून में यमन में हूथी अधिकारियों द्वारा राजनयिक मिशनों के दर्जनों कर्मियों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने की घटना को एक साल हो गया है। मैं उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बीजेपी सिर्फ़ चुनाव लड़ेगी



भारतीय सेना पाकिस्तान से लड़ेगी। भारतीय सेना चीन से लड़ेगी। जनता अशिक्षा से लड़ेगी। बेरोज़गारी से लड़ेगी। मंहगाई से लड़ेगी। करोना से लड़ेगी। बीजेपी सिर्फ़चुनाव लड़ेगी।

-संजय सिंह, आप नेता

### रोगियों के लिए अच्छी खबर



बिकारा ने सिर, गर्दन के कैंसर में फिसेराफुस्प अल्फा कीट्रुडा के लिए उत्तरजीविता डेटा प्रस्तुत किया: 21.3 महीने - 2 साल बाद गहरी और टिकाऊ प्रतिक्रिया अंतिम चरण के एचएनएससीसी रोगियों के लिए बहुत अच्छी खबर है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, आर्टिफिशियल रेन, ई-ऑटो सहित 10 बड़े ऐलान



स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली भाजपा सरकार का सपना

### प्रदूषण से निपटने के लिए कई कदम उठाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वायु प्रदूषण खत्म करने संबंधी योजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली उनकी सरकार का सपना है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। सीएम रेखा गुप्ता ने प्रदूषण कम करने को लेकर कई अहम घोषणाएं की। इसमें कृत्रिम बारिश, इलेक्ट्रिक बसें, मेट्रो स्टेशनों पर ई-ऑटो के साथ ही राजधानी में कचरे के निस्तारण के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर की भी बात कही गई। सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए कई कदम उठाएगी। इनमें कृत्रिम बारिश और इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देना शामिल है।

### साइंस सेंटर्स के साथ एमओयू

दिल्ली सरकार साइंट सेंटर्स के साथ मिलकर दिल्ली के प्रदूषण को कम करने लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। इस क्रम में दिल्ली में क्लाउड सीडिंग और कृत्रिम बारिश के लिए आईआईटी कानपुर के साथ एमओयू किया गया है। दिल्ली में जल्द ही क्लाउड सीडिंग के जरिये कृत्रिम बारिश की जाएगी।

**मजबूत प्रयास**

कृत्रिम बारिश कराने के लिए आईआईटी कानपुर के साथ एमओयू किया गया

### तीन हजार स्क्वायर मीटर वाली बिल्डिंग में लगेंगी

### एंटी स्मॉग गन

दिल्ली सरकार ने सभी हाइराइज बिल्डिंग विशेष रूप से 3 हजार स्क्वायर मीटर से अधिक एरिया वाली, कमर्शियल, बिल्डिंग, मॉल और होटल सभी के लिए एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा।

### ई बसों और ऑटो को बढ़ावा

दिल्ली सरकार राजधानी में इलेक्ट्रिक वीकल मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है। सीएम रेखा गुप्ता के अनुसार दिल्ली के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर लगभग 2300 ई ऑटो तैनात हो जाएंगे। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट सिस्टम में 5 जून को लगभग 200 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर आ जाएंगी। इस साल के अंत तक कुल 2 हजार 80 इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी। 2027 तक लगभग 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें डीटीसी के बेड़े में शामिल होगी।

### दिल्ली में एंट्री होने वाले वाहनों पर नजर




दिल्ली में प्रदूषण पर कंट्रोल के लिए बाहर के राज्यों से आने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। दिल्ली में 1 नवंबर से केवल बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन ही प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा जिन वाहनों का समय पूरा हो चुका है उन्हें पेट्रोल पंपों पर कैमरा लगा कर चिह्नित किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें तेल ना मिले।

### ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

पूरी दिल्ली में लगभग 5 लाख चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। 18 हजार पब्लिक और सेमी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन का लक्ष्य है। इसके अलावा बैट्री स्वैपिंग स्टेशन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

### पीयूसी सेंटर का ऑडिट

सरकार पीयूसी सेंटर को दुरुस्त करेगी। हर 6 महीने में इनका ऑडिट होगा। ताकि पूरा ट्रांसपोर्टेशन सर्टिफिकेशन के साथ चले।

### स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम

दिल्ली में ट्रैफिक जाम भी प्रदूषण का बड़ा कारण है। ट्रैफिक कंट्रोल के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही स्मार्ट इंटेलीजेंट ट्रैफिक सिस्टम को लेकर आ रही है। ट्रैफिक को कम करने के लिए पार्किंग की भी उचित व्यवस्था की जाएगी।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम

दिल्ली में रोजाना 11 मीट्रिक टन कचरा निकलता है। दूसरी तरफ सिर्फ 7 हजार मीट्रिक टन कचरे का निष्पादन हो पाता है। ऐसे में दिल्ली सरकार चार वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पर काम कर रही है। इसके तहत दो की क्षमता बढ़ाने के साथ ही दो नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट तैयार हो रहे हैं। चारों के तैयार होने के बाद दिल्ली में कूड़े लगभग खत्म हो पाएगा।

### बायो मास पर कंट्रोल

दिल्ली में सर्दियों में ठंड से बचने के लिए लकड़ी जलाई जाती है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने बायो मास पर कंट्रोल के लिए सभी आरडब्ल्यू चौकीदारों को इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध कराए जाने का आदेश दिया है।

### एक पेड़ मां के नाम

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 'शुद्ध हवा सबका अधिकार-प्रदूषण पर जोरदार प्रहार' नामक योजना में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पेड़ लगाया जाना भी शामिल है। योजना के तहत सरकार ने इस साल 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## खबर संक्षेप

### जल्द शुरू हो सकती है महिला समृद्धि योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार महिला समृद्धि योजना की शुरुआत कर रही है। माना जा रहा है कि ये योजना जल्द शुरू हो सकती है



जिसका लाभ दिल्ली की महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में महिलाओं को हर माह 2500 रुपए देने का प्रावधान है। कई तरह की अलग-अलग योजनाएं मौजूदा समय में चल रही हैं और इनसे एक बड़ी संख्या में लोग जुड़े भी हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार की अलग और राज्य सरकार की कई अलग योजनाएं हैं। पात्र हैं तो आवेदन कर सकते हैं।

### पंजाब कैबिनेट : दलित परिवारों के 68 करोड़ की कर्ज माफी को मंजूरी

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब मंत्रिमंडल ने मंगलवार को पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम से



4,000 से अधिक दलित परिवारों द्वारा लिए गए 68 करोड़ रुपये के ऋण को माफ करने की मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसकी जानकारी दी। मान की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय किया गया कि 31 मार्च, 2020 तक का ऋण माफ कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उन कर्ज को माफ करेगी, जो निगम से विभिन्न उद्देश्यों के लिए, जैसे दुकानें खोलने आदि के वास्ते लिए गए थे।

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता को पीएम ने रफ्तार दी

**नई दिल्ली।** देश तेल और गैस क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नो गो' एरिया खोलकर भारत की ऊर्जा



आत्मनिर्भरता की यात्रा को रफ्तार दी है। केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को यह बयान दिया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तेल व गैस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन समुद्र की गहराई से आसमान की नई ऊंचाई की ओर है।

### चीन ब्रह्मपुत्र का पानी नहीं रोक सकता

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि भारत द्वारा सिंधु जल समझौता स्थगित करने के बाद



पाकिस्तान एक नई कहानी गढ़ रहा है कि अगर चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी का प्रवाह रोक दिया तो क्या होगा? असम सीएम ने पाकिस्तान की मनगढ़ंत धमकी की हवा निकालते हुए कहा कि पहली बात तो चीन ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा और अगर ऐसा होता भी है तो इससे असम में हर साल आने वाली बाढ़ को कम करने में ही मदद मिलेगी।

## नई दिल्ली में हुई इंडी गठबंधन की बैठक में फैसला, पीएम को लिखा पत्र

# विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री से संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया

विपक्ष ने कहा- पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा की जाए, 'संघर्ष विराम' की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की भी मांग उठाई

**सीडीएस के बयान के बाद विशेष सत्र बुलाने की मांग हुई तेज**

**सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका द्वारा 'संघर्ष विराम' की घोषणा किये जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने यहां बैठक के बाद इस बारे में जानकारी दी। लोकसभा में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना (उबाठा), राजद, नेशनल कांफ्रेंस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी(आरएसपी), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), भाकपा (माले) लिबरेशन, केरल कांग्रेस, वीसीके और एमडीएमके के सदन के नेताओं ने इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

### राजद के मनोज झा ने कहा कुछ चिंताएं हैं, भावनाएं भी आहत हुईं, सरकार जवाबदेह

### राहुल और अखिलेश ने किए पत्र पर हस्ताक्षर

इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, "इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे।"



### विभिन्न विषयों पर चर्चा होनी चाहिए

उन्होंने कहा, "जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।" हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका द्वारा संघर्ष विराम का ऐलान किये जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

### डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर सरकार को घेरा

### अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान से देश का सम्मान गिरा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के बाद दुनिया भर में देश का सम्मान गिरा है।" शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत ने कहा, "यह कोई सामान्य पत्र नहीं है। विपक्ष जनता की असली आवाज है। हम चाहते हैं कि देश में अब तक जो कुछ भी हुआ है उस पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र बुलाया जाए।" उनका कहना था कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप के सुझाव पर संघर्ष विराम किया जा सकता है तो विपक्ष के बार-बार अनुरोध के बाद भी एक विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा सकता? राउत ने तंज कसते हुए सवाल किया, "क्या हमें विशेष सत्र के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के पास जाना पड़ेगा?"

### सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी : डेरेक ओब्रायन

उनका कहना था, " आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए--इसपर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।" तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, " सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।" सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, "हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया। भारत के समर्थन में एक भी देश भी खुलकर सामने नहीं आया। यह चिंताजनक है। कूटनीतिक मोर्चे पर हम असफल रहे। हमारी सेना बधाई की पात्र है।" उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री के तथाकथित मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्षविराम की घोषणा की...जनता को लगता है कि हमें युद्धविराम के लिए मजबूर किया गया।

# तमिलनाडु सरकार के बिलों को गवर्नर आरएन रवि ने दी मंजूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने बिल रोकने को बताया था अवैध



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सरकार की ओर से पारित 2 बिलों को मंजूरी दे दी है। इनसे 12,000 से ज्यादा दिव्यांगजनों को शहरी और स्थानीय निकायों में नामांकन का अधिकार मिलेगा। ये बिल लंबे समय से राजभवन में लंबित थे। राज्यपाल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- यह मंजूरी मिलनी ही थी। राज्यपाल को डर था कि अगर फिर से बिलों को रोका तो हम सुप्रीम कोर्ट चले जाएंगे। 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी। बेंच ने कहा था- राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।

### कोर्ट ने कहा था कि यह मनमाना का कदम, कानून के नजरिए से सही नहीं

साथ ही सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं है। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। आदेश दिया कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो में काम कर चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे ये निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को निर्देश दिया कि उन्हें अपने विकल्पों का इस्तेमाल तय समय-सीमा में करना होगा, वरना उनके उठाए गए कदमों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल बिल रोकें या राष्ट्रपति के पास भेजें, उन्हें यह काम मंत्रिपरिषद की सलाह से एक महीने के अंदर करना होगा। विधानसभा बिल को दोबारा पास कर भेजती है, तो राज्यपाल को एक महीने के अंदर मंजूरी देनी होगी। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि वह राज्यपाल की शक्तियों को कमजोर नहीं कर रहा, लेकिन राज्यपाल की सारी कार्रवाई संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए।

# भाजपा-संघ जरा से दबाव में सरेंडर हो जाते हैं, कांग्रेस सरेंडर नहीं होती : राहुल गांधी

## मप्र में कांग्रेस के संगठन 'सृजन' अभियान का शुभारंभ पर भाजपा और संघ पर बोला बड़ा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस का करैक्टर ही ऐसा है कि इन्हें सरेंडर की आदत है। थोड़ा दबाव डालो, थोड़ा धक्का मारो, ये डर कर भाग जाते हैं। यही कारण है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का एक



फोन आया और नरेंद्र तुरंत सरेंडर हो गए। राहुल ने कहा कि कांग्रेस होती तो ऐसा कभी नहीं करती। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं हैं। राहुल भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इसमें एआईसीसी और पीसीसी डेलीगेट्स, जिला-ब्लॉक अध्यक्ष, विधायकों-सांसदों के अलावा पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद थे। इससे पहले पार्टी नेताओं की तीन अन्य बैठकें लेकर राहुल ने प्रदेश के कांग्रेसियों में जान फूंकने की कोशिश की।

**जातिगत जनगणना के दो मॉडल बताए :** राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा में मैंने देश से वादा किया था कि कुछ भी हो जाए जातिगत जनगणना लोकसभा और राज्यसभा में पास होगा। हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। जातिगत जनगणना को हम लोकसभा में पास करेंगे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं। एक, तेलंगाना का मॉडल और दूसरा, बिहार का मॉडल।

# लद्दाख के लिए नए आरक्षण, अधिवास नियम घोषित, 85% नौकरियां स्थानीय लोगों को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए, जिसमें स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों में कुल सीट में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी और पुरगी भाषा को लद्दाख में आधिकारिक भाषा बनाया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्थानीय हितों की रक्षा करना है, जहां पूर्ववर्ती राज्य

### अधिसूचना के अनुसार मंगलवार से प्रभावी हुए नए नियम

जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को 2019 में हटाए जाने के बाद लद्दाख के लोग अपनी भाषा, संस्कृति और भूमि की रक्षा के लिए संवैधानिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। सरकार द्वारा जारी की गई कई अधिसूचनाओं के अनुसार, नौकरियों तथा स्वायत्त परिषद में आरक्षण, अधिवास और भाषाओं से संबंधित नीतियों में किए गए बदलाव मंगलवार से प्रभावी हो जाएंगे।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा विशेष रूप से फायदा

नए नियमों के तहत, जो लोग केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल की अवधि तक निवास कर चुके हैं या सात साल की अवधि तक अध्ययन कर चुके हैं और केंद्र शासित प्रदेश में स्थित किसी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे केंद्र शासित प्रदेश के तहत किसी भी पद पर या 'कैंटोनमेंट बोर्ड' के अलावा किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के तहत नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए लद्दाख के मूल निवासी होंगे।

# तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए, केवल 'जब्ती' बनाने से काम नहीं चलेगा

### बड़ी तस्करी की चेन को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करनी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से तेजी से जटिल होते भू-राजनीतिक वातावरण और सुरक्षा खतरों के बीच तस्करी नेटवर्क और मादक पदार्थों के व्यापार से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी-ड्रिवन अप्रोच अपनाने को कहा। डीआरआई के नए मुख्यालय का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सतही स्तर के प्रवर्तन से आगे जाकर गहरे प्रणालीगत खतरों को सामने लाने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए, जो केवल ऊपरी जब्ती तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर आप छोटी मछलियां पकड़ते हैं तो यह अच्छा नहीं है। बड़ी तस्करी की चेन को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करनी होगी। हमें उन नापाक चेन को खत्म करना होगा। सीतारमण ने मादक पदार्थों को सबसे गंभीर राष्ट्रीय खतरा बताया और स्कूलों और कॉलेजों को मादक पदार्थ तस्करों के निशाने पर आने से रोकने के लिए राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ तत्काल समन्वय का आह्वान किया। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' मंत्र को वह भावना बताया जिसके साथ प्रवर्तन एजेंसियां आगे बढ़ती हैं। उन्होंने प्रवर्तन ढांचे में आधुनिक टेक्नोलॉजी के गहन और तेज एकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेटा-संचालित, खुफिया-संचालित कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा, एआई के बारे में बहुत सारी बातें हो रही हैं, लेकिन अब मैं एआई का उपयोग करके ठोस परिणाम देखना चाहती हूं।

### तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए

*वित्त मंत्री ने कहा कि अगर आप छोटी मछलियां पकड़ते हैं तो यह अच्छा नहीं है*

*वित्त मंत्री ने डीआरआई से बड़े तस्करी नेटवर्क को तोड़ने और मादक पदार्थों के व्यापार पर अंकुश लगाने को कहा*



वित्त मंत्री ने प्रवर्तन एजेंसियों के लिए तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए, जिसमें नियमों को निष्पक्ष रूप से लागू करना, व्यापार प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना और प्रवर्तन को उच्च प्रभाव वाला बनाना शामिल हैं। वित्त मंत्री ने प्रवर्तन एजेंसियों के लिए तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए, जिसमें नियमों को निष्पक्ष रूप से लागू करना, व्यापार प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना और प्रवर्तन को उच्च प्रभाव वाला बनाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिक आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे डेटा एनालिटिक्स और इसी तरह की अन्य चीजों के उपयोग को सिस्टम में गहराई से और अच्छी तरह से एकीकृत करने की आवश्यकता है।




*आईसीएमआर और डब्ल्यूएचओ के सर्वेक्षण में हुआ बड़ा खुलासा*

# ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर शुगर और बीपी की दवाइयों की भारी कमी, 7 राज्यों के 19 जिलों में सबसे ज्यादा दिक्कतें

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लिए दवाओं की गंभीर कमी है। इन ग्रामीण हेल्थकेयर फेसेलिटी में बल्ड प्रेशर और डायबिटीज की दवा कम पाई गई है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से अन्य संस्थानों के साथ मिलकर किए गए संयुक्त सर्वेक्षण में खुलासा किया गया कि 7 राज्यों के 19 जिलों में उप-केंद्रों से लेकर उप-जिला अस्पतालों तक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की दवाओं की भारी कमी है। एक सब सेंटर प्राइमरी हेल्थ केयर का सबसे बेसिक लेवल है, यहां पर बुनियादी स्तर का इलाज मिल जाता है, इसे मातृ, शिशु और सामुदायिक स्वास्थ्य जरूरतों के लिए अहम माना जाता है।

वहीं, भारत में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के केस बढ़ते जा रहे हैं। स्टडी के मुताबिक, लांसेट की साल 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 101 मिलियन लोग यानी देश की आबादी का 11.4% हिस्सा डायबिटीज के साथ जी रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, भारत में बल्ड प्रेशर के करीब 220 मिलियन मरीज हैं।



**एक तिहाई स्वास्थ्य केंद्रों पर मेटफार्मिंग और एम्लोडिपिन दवा नहीं मिली**

### नहीं मिला दवाओं का स्टॉक

सर्वे में सूचना दी गई कि ज्यादातर पब्लिक हेल्थ फेसेलिटी में डायबिटीज और बल्ड प्रेशर के लिए जरूरी दवाओं का स्टॉक खत्म था. अध्ययन में कहा गया है, मूल्यांकन किए गए 105 सब-सेंटर अस्पतालों में लगभग एक तिहाई 35.2 प्रतिशत ने टैबलेट मेटफॉर्मिन के स्टॉकआउट की सूचना दी और लगभग आधे से भी कम 44.8 प्रतिशत ने टैबलेट एम्लोडिपिन के स्टॉकआउट की सूचना दी. दवाओं के स्टॉकआउट की औसत पीरियड एक से सात महीने तक थी। हालांकि ये दवाएं सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध थीं। प्राइमरी हेल्थ सेंटर(पीएचसी) में दवा उपलब्धता स्कोर सिर्फ 66 प्रतिशत था, जोकि 100 प्रतिशत होना चाहिए था।

### सीएचसी स्तर पर विशेषज्ञों की भी भारी कमी मिली

अध्ययन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर विशेषज्ञों की कमी मिली है। ये निष्कर्ष 2020-21 की ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी रिपोर्ट के समान हैं, जिसमें सीएचसी-स्तर पर चिकित्सकों (82.2 प्रतिशत) और सर्जनों (83.2.9 प्रतिशत) की कमी को दिखाया गया था। 'इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर)' में प्रकाशित अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि जन स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), जिला अस्पतालों और सरकारी मेडिकल कॉलेज में मधुमेह और उच्च रक्तचाप के उपचार के प्रबंधन बेहतर हैं। इस सर्वे में दो फेज में डाटा इकट्ठा किया गया। 415 हेल्थ फेसेलिटी को कवर किया गया। जिनमें से 75.7 प्रतिशत पब्लिक और 24 प्रतिशत निजी थे।

*यूएस उपराष्ट्रपति की पत्नी ने भारत-अमेरिकी रिश्ते पर की बात*

# मेरे बच्चे तो तुरंत प्रधानमंत्री मोदी को अपना 'बाबा' मानने लगेः उषा

भाषा ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने अप्रैल की अपनी भारत यात्रा को बेहद यादगार बताया और इसे 'जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव' करार दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके तीनों बच्चे तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना 'बाबा' मानने लगे। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अप्रैल में भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की थी और उनके साथ पत्नी उषा वेंस और उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल भी थे। उषा वेंस ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत सामरिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें सत्र में बातचीत के दौरान



भारत यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह वास्तव में हमारे लिए यादगार यात्रा रही।" वेंस दंपति 21 से 24 अप्रैल तक भारत में था और जयपुर तथा आगरा की यात्रा से पहले उन्होंने दिल्ली में मोदी से मुलाकात की थी। उषा वेंस ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात 'वाकई बहुत खास रही।'

## खबर संक्षेप

### दक्षिण कोरिया में ली जे-म्यांग राष्ट्रपति निर्वाचित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में विपक्षी उम्मीदवार ली जे-म्यांग मंगलवार देर रात को राष्ट्रपति निर्वाचित हो गए। यह जीत देश में कई महीनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल का अंत करेगी, जो अब अपदस्थ रूढ़िवादी नेता यून सुक येओल द्वारा 'मार्शल लॉ' लागू करने के आश्चर्यजनक फैसले के कारण शुरू हुई थी। विजयी उम्मीदवार को बुधवार को तत्काल ही राष्ट्रपति पद की शपथ दिला दी जाएगी। मुख्य रूढ़िवादी उम्मीदवार किम मून सू ने अपनी हार स्वीकार कर ली।



### पाकिस्तानःभूकंप के बाद 200 से ज्यादा कैदी भागे

इस्लामाबाद। बीते 24 घंटों में पाकिस्तान के कराची में भूकंप के कई झटके लगे हैं। कराची की मालिर जेल के सुपरिटेंडेंट अरशद शाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बीच सोमवार की रात को जेल के 600 कैदियों को जेल बैरकों से बाहर निकाला गया था। इस दौरान मची भगदड़ में मौका पाकर 216 कैदी फरार हो गए। हालांकि भागे कैदियों में से 80 को वापस पकड़ लिया गया है। बाकी की तलाश की जा रही है।

### ईरान में लापता तीन भारतीयों का पता चला

**नई दिल्ली।** पिछले महीने ईरान में लापता हुए तीन भारतीय नागरिकों को मुक्त करा लिया गया है। यह जानकारी भारत स्थित ईरानी दूतावास ने मंगलवार को तेहरान में मीडिया की खबरों के हवाले से दी। पिछले सप्ताह विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह लापता भारतीयों के मामले में ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरानी दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि तीन लापता भारतीय नागरिक मुक्त करा लिये गये हैं। ईरान के स्थानीय मीडिया का कहना है कि पुलिस ने ईरान में लापता हुए तीन भारतीयों को ढूंढकर छुड़ा लिया है।

### ऑक्सफोर्ड में अध्ययन के लिए रोड्स छात्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित रोड्स छात्रवृत्ति के लिए आवेदन मंगलवार को शुरू हो गए। रोड्स स्कॉलरशिप पूर्णरूप से वित्तपोषित है, जो उत्कृष्ट छात्रों को ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में दो से तीन साल का अध्ययन करने में सहायता करती है।



*ब्राजील में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद बोले*

# पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी जब वह आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

भाषा ▶▶ ब्रासीलिया

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उसके साथ बातचीत कर सकता है। ब्राजील में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा कि उनकी टीम ने आतंक के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा कि 'हम वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाक इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकियों को पनाह क्यों देता है?... आखिर (आतंकी) वे (पाक में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने... और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं...?



### संघर्षविराम के लिए सीधी बातचीत हुई

ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई। शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन से मुलाकात की।

### प्रतिनिधिमंडल ब्राजील से अमेरिका जाएगा

थरूर ने कहा कि उनका प्रतिनिधिमंडल अब तक चार देशों - गुयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील की यात्रा कर चुका है और "हम जिन देशों में गए हैं, वहां यह बात बहुत स्पष्ट रही है।" थरूर के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल ब्राजील से अमेरिका जाएगा।

### मलेशिया ने दिया धन्यवाद

**कुआलालंपुर (भाषा)।** मलेशिया ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए वहां से आए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद करते हुये शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में पोस्ट में कहा कि जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया की संसद के प्रतिनिधि सदन के अध्यक्ष (दीवान राक्यत) वाईबी तन श्री दातो (डॉ.) जोहरी बिन अब्दुल से मुलाकात की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति के बारे में जानकारी दी।

### अरब लीग को भारत का रुख बताया

**काहिरा (भाषा)।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए "प्राथमिकता" बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। रविवार को इथियोपिया की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा।

### लाइबेरिया का भारत को समर्थन

**मोनरोविया (भाषा)।** शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की लाइबेरिया यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान, दोनों देशों ने शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आतंकवाद-मुक्त दुनिया के निर्माण की दिशा में मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। शिंदे नीत प्रतिनिधिमंडल शनिवार को लाइबेरिया की तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचा था। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने दुनिया के 33 देशों की राजधानी की यात्रा कर आतंकवाद से पाकिस्तान के संबंधों को उजागर करने का जिम्मा सौंपा है।

### पांडा के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौटा, जयशंकर से मिला

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में चार प्रमुख मुस्लिम देशों की यात्रा करने वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौट आया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात कर दौरे से जुड़ी जानकारी साझा की। जयशंकर ने प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों की सराहना की। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात समूहों में से पहला है, जो भारत लौट आया है। इन



प्रतिनिधमंडल में अधिकतर वर्तमान और कुछ पूर्व सांसद तथा पूर्व राजनयिक शामिल हैं। अन्य प्रतिनिधिमंडल के भी अगले कुछ दिनों में लौटने की उम्मीद है। पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, असदुद्दीन ओवैसी, गुलाम नबी आजाद, फांगनोन कोन्याक और सतनाम संधू के अलावा पूर्व राजनयिक हर्ष श्रृंगला शामिल थे। इस प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया की यात्रा की। पांडा ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक 'बहुत सफल' यात्रा थी।

# पाक ने सरकारी दस्तावेज से खुद कबूला भारत के हमलों से हुए बड़े नुकसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के कुल 9 आतंकी ठिकानों पर नहीं बल्कि 16 जगहों पर लक्षित हमला बोला गया था। यह जानकारी मंगलवार को भारत के नहीं बल्कि पाकिस्तान द्वारा अपने मीडिया के साथ साझा किए गए एक सरकारी दस्तावेज के जरिए सामने आई है। जिसमें उसने भारत के हमलों में निशाना बनाई गई 7 और पाकिस्तानी जगहों का जिक्र किया है। इससे पड़ोसी देश का तात्पर्य यह है कि पिछले महीने 7 से 10 मई तक की गई सैन्य कार्रवाई में नेस्तनाबूद किए गए कुल 9 लक्ष्यों के बारे में भारतीय अधिकारियों ने अपने तमाम संवाददाता सम्मेलनों के जरिए आधिकारिक रूप से जो जानकारी दी थी।

उसकी (भारत) सैन्य कार्रवाई का दायरा उससे कहीं अधिक व्यापक था। पाक दस्तावेज में कहा गया है कि भारत के ड्रोन ने 8, 9 और 10 मई को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में पेशावर से लेकर दक्षिण में हैदराबाद तक को निशाना बनाया था। इसमें भारत के ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ की गई पाकिस्तानी कार्रवाई को बनयान-उम-मॉर्सोस का नाम दिया गया है।

**पाक ने इन जगहों का किया जिक्र**

*पाकिस्तान ने अपने दस्तावेज में ग्राफिक के जरिए विस्तार से यह बताया है कि भारत ने 8, 9 और 10 मई को अपने ड्रोन हमलों के जरिए पेशावर के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत, अटोक, बहावलनगर, गुजरात और पंजाब प्रांत के झांग और सिंध के छोर और हैदराबाद को निशाना बनाया। बहावलनगर पाकिस्तान की एक सैन्य छावनी है। जबकि गुजरात जिले के खारिया में भी उसकी बड़ी छावनी है, झांग में भी एक पाक सैन्य छावनी है। ये इलाका रफ़ीकी एयरबेस से लगा हुआ है, जिसे भारतीय मिसाइलों ने निशाना बनाया था। छोर छावनी में पाकिस्तानी सेना के रेगिस्तानी युद्ध-कौशल स्कूल का मुख्यालय है। इसके अलावा हैदराबाद में भी पाक सैन्य छावनी है।*

### एनसीसी का विस्तार होगा, 'तीन लाख' नए कैडेट्स जोड़े जाएंगेः रक्षा राज्य मंत्री संजय

**भोपाल(हरिभूमि न्यूज)।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विशेष संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों और अतिरिक्त/उप महानिदेशकों (जेएस आरएंडए/डी) के सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान देश भर में तीन लाख कैडेटों को जोड़ने के साथ एनसीसी के योजनाबद्ध तरीके से विस्तार की भी घोषणा की, जिसके लिए कई राज्य पहले ही सहमति दे चुके हैं। सेठ ने सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण और युवाओं के विकास में एनसीसी की भूमिका की पुष्टि की। उन्होंने इस सिलसिले में हाल में की गई पहलों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में शामिल करना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना शामिल है।



संजय सेठ

*भगवान बुद्ध के अवशेष भारत पहुंचे*

# वियतनाम में 1.7 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रदर्शनी में किए दर्शन

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

वियतनाम के कई शहरों में एक महीने तक आयोजित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी में 1.7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के सारनाथ स्थित एक विहार में स्थापित पवित्र अवशेष दो मई को वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर पहुंचे थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वियतनाम में प्रदर्शनी के दौरान व्यापक आध्यात्मिक अनुभव के बाद ये अवशेष दो जून की रात भारतीय वायुसेना के विमान से भारत लौट आए। वियतनाम ने संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया था।

इस दौरान प्रदर्शनी के लिए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को वियतनाम ले जाया गया था। संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि वियतनाम में आयोजित इस प्रदर्शनी में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष के दर्शन किए। श्रद्धालुओं के लिए यह एक आध्यात्मिक अनुभव था, जिन्होंने भारत से बुद्ध के पवित्र अवशेषों की ऐतिहासिक पूजा तीर्थयात्रा में हिस्सा लिया।

**आज दिल्ली से रवाना होंगे**

*मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली पहुंचने के बाद पवित्र अवशेषों को मंगलवार (तीन जून) की सुबह से एक दिन के लिए राष्ट्रीय संग्रहालय में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। दोपहर में वरिष्ठ भिक्षुओं, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के महासचिव और राजनयिक दल के प्रतिनिधियों द्वारा एक औपचारिक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। बुधवार (चार जून) को ये अवशेष दिल्ली से रवाना होंगे। पवित्र अवशेषों को वाराणसी के रास्ते सारनाथ ले जाया जाएगा, जहां उन्हें मूलगंध कुटी विहार में औपचारिक रूप से प्रतिस्थापित किया जाएगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25